डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2024- 26
ई-पेपर www.guruexpress.live
बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार
संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 18 | अंक 229 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | सोमवार 03 जून 2024 | मूल्य 2 रुपया

हार्ट केयर
श्री सिद्धि विनायक
अब नियमित सेवाएं मंदसौर में उपलब्ध
हृदय रोगों के उपचार में अंचल का जाना पहचाना नाम
हृदय रोग विशेषज्ञ

डॉ. पवन मेहता
MBBS, M.D. (Medicine) I DM (Cardiology)
Consultant Intervational Cardiology
परामर्श समय -
प्रतिदिन प्रातः 10:00 से सायं 5:00 बजे तक
12, दशपुर कुंज रोड, सिविल हॉस्पिटल के सामने, मंदसौर (म.प्र.) 07422-490333



## नौतपा समाप्त:मानसून का इंतजार

**मंदसौर, 02 जून गुरु एक्सप्रेस।** रविवार को बेहद गर्म के साथ नौतपा का आखरी दिन रहा। हालांकि नौतपा के शुरुआती दो दिन जैसा गर्मी का प्रकोप नहीं रहा। लेकिन, हवा चलने के साथ ही दिन भर धूप में भी तेजी रही।

रविवार को जिले में तीव्र गर्मी से राहत रही। वर्तमान में लू का कोई अलर्ट नहीं है। अगले दो तीन दिनों में प्री मानसून एक्टिविटी शुरू हो जाएगी। इस दौरान शाम के समय धूलभरी आंधी चलेगी। 15 से 20 जून तक मानसून सक्रिय होने की संभावना बनी हुई है। इस दौरान जिले में अधिकतम तापमान 40 डिग्री व न्यूनतम तापमान 26 डिग्री के आसपास बना हुआ है। मौसम विभाग भोपाल के वैज्ञानिक अभिजीत चक्रवर्ती ने बताया कि 30 मई को केरल में मानसून ने दस्तक दे दी है। 1 जून को यह और आगे बढ़ा है। इसके चलते मध्यप्रदेश में यह निर्धारित तारीख 15 से 20 जून के बीच आ सकता है। अभी प्रदेश में साइक्लोनिक सर्कुलेशन सिस्टम एक्टिव है। ट्रफ लाइन भी गुजर रही है। इसकी वजह से शनिवार को कई जिलों में गर्मी का असर रहा। वहीं, कई जिलों में बारिश भी हुई। रविवार को भी ऐसा ही मौसम बना रहा।

## जोधपुर से मिली अपहृत नाबालिग

**मंदसौर, 02 जून गुरु एक्सप्रेस।** क्षेत्र से अपहृत नाबालिग को दलौदा पुलिस ने जोधपुर से ढूंढकर परिजनों को सौंपा। पुलिस ने बताया कि 20 अप्रैल 2024 को फरियादी ने थाना दलौदा पर रिपोर्ट की। जिसमें उसने बताया कि उसकी 14 वर्षीय नाबालिग बहन गांव में शादी का कार्यक्रम देखने के लिये गई थी, जो वापस घर नही आई। कोई अज्ञात बदमाश मेरी नाबालिग बहन को बहला-फुसलाकर अपहरण कर ले गया हैं।

फरियादिया की रिपोर्ट पर थाना दलौदा पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध अपहरण का मामला दर्ज किया। विवेचना मे बालिका को तकनीकी साक्ष्य के आधार पर जांच पड़ताल की। नाबालिग को जौधपुर राजस्थान से बालिका को ढुंढकर थाने लाकर दस्तयाब कर परिवार के सुपुर्द किया गया।

# प्रदेश में वक्फ संपत्ति की होगी जांच

### [ सागर के बीना में भी हो रहा दुरुपयोग ]

**भोपाल, 02 जून गुरु एक्सप्रेस।** उज्जैन में वक्फ की संपत्ति पर काबिज तत्कालीन अध्यक्ष रियाज खान को वक्फ बोर्ड ने सात करोड़ 11 लाख रूपए का नोटिस दिया है। मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव के गृह नगर उज्जैन में वक्फ दरगाह मदार शाह साहब वाके मदार गेट, मय मस्जिद व कब्रिस्तान की 115 दुकानों, दो स्कूल बिल्डिंग और पांच आफिस पर 26 साल तक एक ही अध्यक्ष काबिज रहे।

मप्र वक्फ बोर्ड ने 2006-2007 से 2022-23 तक की राशि का हिसाब नहीं देने पर नोटिस जारी कर तत्कालीन अध्यक्ष खान से 07 करोड़ 11 लाख रुपये की वसूली की कार्रवाई शुरू कर दी है। खान ने अपने कार्यकाल के दौरान वक्फ की परिसंपत्तियों के विकास योजनाओं के तहत मदार गेट पर दरगाह, मस्जिद और कब्रिस्तान की जमीन पर दुकानें, स्कूल भवन और आफिस बनाए। लेकिन, इसकी सूचना न तो वक्फ बोर्ड को दी और न ही इन दुकानों आदि से होने वाले किराए की जानकारी दी।

#### वक्फ की संपत्ति के दुरुपयोग...

बोर्ड ने रियाज खान के 26 साल के कार्यकाल की जांच करवाई। जिसमें कई गड़बड़िया सामने आई। बोर्ड ने जांच के बाद पूर्व अध्यक्ष रियाज खान को नोटिस देकर जवाब मांगा था, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। अब अंतिम नोटिस देकर वसूली की कार्यवाही के लिए बोर्ड प्रबंधन तैयारी कर रहा है।

बोर्ड ने आखिरी नोटिस दिया, जिसमें रियाज को सुनवाई का एक मौका ओर दिया गया है। यदि सात दिन में वह जवाब नहीं देते हैं तो बोर्ड एक पक्षीय कार्रवाई करेगा। इसी तरह सागर के बीना में भी वक्फ की संपत्ति के दुरुपयोग को लेकर 01 करोड़ 84 लाख रुपये की आरआरसी (रेवेन्यू रिकवरी सर्टिफिकेट) जारी किया गया है।

#### मसाजिद कमेटी भोपाल में भी लाखों रुपये की आर्थिक गड़बड़ी...

मसाजिद कमेटी भोपाल में भी लाखों रुपये की आर्थिक गड़बड़ी जांच में सामने आई है। मप्र पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण विभाग ने मसाजिद कमेटी के वित्तीय अभिलेखों, केश खातों एवं अन्य संबंधित वित्तीय अभिलेखों की जांच में पाया कि कमेटी के प्रभारी सचिव रहते यासिर अराफात को वित्तीय अधिकार प्रदान नहीं किए गए थे। बावजूद इसके उन्होंने स्वयंभू निर्णय लेकर नियम विरूद्ध एवं अवैधानिक रूप से वित्तीय व्यवहार किए।

उन्होंने भंडार क्रय नियम के प्रविधानों का उल्लंघन करते हुए मनमाने तरीके से मसाजिद कमेटी के निकाह फार्म / विधि से संबंधित अभिलेखों का स्कैनिंग कार्य 34 लाख 21 हजार 600 रुपये व्यय टीडीएस सहित किए हैं। जिसके कारण मसाजिद कमेटी को सीधे तौर पर 22 लाख 89 हजार 634 रुपये की वित्तीय क्षति हुई है। बिल्डिंग मेंटेनेंस का कार्य कराकर अवैधानिक रूप से 97 लाख 77 हजार 86 रूपए का भुगतान किया गया है और कर्मचारियों के पीएफ अंशदान काटकर 10 लाख 31 हजार 712 रूपए संबंधित कर्मचारियों के खाते में जमा नहीं की। शासन में इन प्रकरण की कार्रवाई प्रचलन में है।




#### सांसद गुप्ता ने भी मांगी थी मंदसौर-नीमच-रतलाम की वक्फ संपत्तियों की जानकारी...

मंदसौर सांसद श्री सुधीर गुप्ता ने भी मंदसौर-नीमच-रतलाम में वक्फ संपत्तियो की जानकारी मांगी थी। हालांकि, उन्हें जानकारी अभी तक नहीं मिली थी। उन्होंने मांग की थी कि मंदसौर-नीमच- रतलाम जिले में वक्फ की कितनी संपत्ति है और किस आधार पर है। कोई रजिस्ट्री या दानकर्ता द्वारा प्रदाय की गई है तो उसकी पूरी जानकारी मांगी गई थी।

#### इनका कहना...

वक्फ की संपत्ति परोपकार के कार्य के लिए दान की हुई है, लेकिन कुछ लोग इसमें स्वयंभू बनकर बैठ गए हैं। दुकानें बनाकर किराया वसूला जा रहा है, इसका न तो कोई रिकार्ड है और न ही बोर्ड को इससे सूचित किया गया है न ही अनुमति ली गई है। हम पूरे प्रदेश की वक्फ की संपत्ति की जांच करा रहे हैं और जहां गड़बड़ी मिल रही है तो नोटिस भेजकर जवाब मांगा जा रहा है। चोरियां पकड़ में आ रही है। वक्फ की संपत्ति की चोरी करने वालों के विरूद्ध बोर्ड के एक्ट के अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

**सनवर पटेल, अध्यक्ष मप्र वक्फ बोर्ड भोपाल**

# चुनाव खत्म:महंगी हुई सड़क यात्रा

## आधी रात से देश भर में बढ़ गए टोल के रेट

**नई दिल्ली, 02 जून गुरु एक्सप्रेस। देशवासियों के लिए 02 जून की सुबह बुरी खबर लेकर आई है। लोकसभा चुनाव 2024 की वोटिंग खत्म होते ही और एग्जिट पोल के आंकड़े आते ही लोगों को बड़ा झटका लगा है। बीती रात 12 बजे से देश में सफर करना महंगा हो गया, यानी अब लोगों को टोल पार करने के लिए पहले से अधिक राशि चुकानी पड़ रही है। पूरे देश में टोल रेट में कम से कम 05 और अधिकतम 25 प्रतिशत का इजाफा हुआ है।**

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने टोल टैक्स बढ़ाने के आदेश जारी कर दिए हैं। हेड ऑफिस से टोल रेट बढ़ाने की अनुमति भी मिल गई है। सड़क एवं परिवहन मंत्रालय ने भी एनएचएआई के टोल रेट बढ़ाने के प्रस्ताव को मंजूर कर लिया है। हालांकि नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया की ओर से टोल रेट एक अप्रैल से बढ़ाए जाते रहे है। लेकिन, लोकसभा चुनाव 2024 के कारण इस साल एक अप्रैल से टोल के रेट नहीं बढ़ाए गए।

एनएचएआई की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार, देशभर में टोल टैक्स में 5 फीसदी का इजाफा हुआ है। टोल बैरियर के 20 किलोमीटर के दायरे में रहने वाले लोगों के लिए मासिक पास बनवाने के रेट भी बढ़े हैं। टोल बैरियर के 20 किलोमीटर के दायरे में रहने वाले लोगों को प्रति माह फास्ट टैग के लिए अब 10 रुपये ज्यादा देने पड़ेंगे। मासिक फास्ट टैग अब 330 की बजाये 340 रुपये में बनेगा।

#### कहां सबसे ज्यादा और कहां सबसे कम बढ़ा रेट...

सबसे ज्यादा टोल रेट कानपुर-प्रयागराज हाईवे पर बढ़ा है। इस हाईवे पर कार से सफर करने पर सबसे ज्यादा 55 रुपये और सबसे कम 5 रुपये ज्यादा टोल देना होगा। फतेहपुर के बड़ौरी टोल बैरियर पर 55 रुपये ज्यादा देने होंगे। कटोघन टोल पर 40 रुपये एक्स्ट्रा लगेंगे। सबसे कम 5 रुपये ज्यादा टोल कानपुर हाईवे पर देहात के बाराजोरी, अनंतराम, चमारी (उकासा) में देना होगा। उन्नाव-रायबरेली हाईवे पर बने अकवाबाद टोल बैरियर पर भी 5 रुपये ज्यादा टोल देना होगा। इस हाईवे पर रेट ज्यादा बढ़े है, क्योंकि पिछले 5 साल से इस हाईवे पर टोल रेट नहीं बढ़ाए जा रहे थे।



#### इन टोल बेरियर पर नहीं बढ़े रेट...

एनएचएआई से मिली जानकारी के अनुसार, कानपुर-सागर हाईवे के अलियापुर महोबा के खन्ना टोल प्लाजा पर एक तरफ के टोल रेट नहीं बढ़ाए गए, लेकिन 24 घंटे में लौटने पर 5 रुपसे एक्स्ट्रा देने पड़ेंगे। कानपुर के शिवराजपुर के निवादा टोल बैरियर पर एक साइट का टोल टैक्स नहीं बढ़ा, लेकिन वापसी में 5 रुपये ज्यादा देने होंगे। कन्नौज के बशीरपुर टोल प्लाजा पर भी एक साइट का टोल नहीं बढ़ा है, लेकिन लौटते समय 5 रुपये अतिरिक्त चुकाने होंगे। वहीं एमपी के अंदर भी एनएचएआई ने टोल के रेट बढ़ा दिये है।



**शिवना ब्रिज**–आकार लेने लगा मुक्ति धाम स्थित शिवना का ओवर ब्रिज

## निजी मेले में दो युवकों के बीच विवाद, मारपीट

**नीमच, 02 जून गुरु एक्सप्रेस।** शहर के केंट थाना क्षेत्र में स्थित राठौर परिसर में इन दिनों एक निजी मेला चल रहा है। जहां पर रोज बड़ी संख्या में शहर की जनता मेला देखने पहुंच रही हैं। देर रात्रि में धक्का लगने की बात पर 2 युवकों के बीच जमकर विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ा कि बात मारपीट तक पहुंच गई।

इस मारपीट में एक युवक तोहीफ पिता मोहम्मद सईद उम्र 18 साल जाति मुस्लिम निवासी बगीचे के सामने सादडी रोड बघाना गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसका इलाज नीमच के बड़े अस्पताल में जारी है। इस मामले पीडित द्वारा रविवार को केंट थाने में शिकायत दर्ज करवाई है। घायल तोहिफ के पिता सईद ने जानकारी देते हुए बताया कि रात में उनका पुत्र राठौर परिसर में लगे हुए मेले में घूमने गया था। मेले में घूमते समय धक्का लगने से विवाद हो गया। जिसमें आरोपी की तरफ से की गई मारपीट में तोहिफ के सिर में चोट आई है। मामले में पीड़ित की शिकायत पर मारपीट करने वाले आरोपी युवक के खिलाफ कैंट थाने में शिकायत दर्ज करवाई है। साथ ही आरोपी पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

# शिवना पर पुल का काम अधूरा

## प्रतापगढ़ को एमपी से जोड़ने वाली पुलिया को लेकर लापरवाही, सड़क भी अधूरी

**अरनोद/मंदसौर, 02 जून गुरु एक्सप्रेस।** समीपस्थ प्रतापगढ़ जिले के अरनोद उपखंड मुख्यालय के जाजली गांव से मध्यप्रदेश बॉर्डर तक की 15 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाली 11 किलोमीटर की सड़क व मध्यप्रदेश को जोड़ने वाली शिवना नदी पर बनने वाले पुलिया निर्माण अधूरा है। इस पुलिया का निर्माण कार्य 21 नवंबर 2021 को शुरू हुआ था। जबकि, इस सड़क का निर्माण कार्य पूरा होने की अवधि जनवरी 2023 थी। इधर वर्ष 2024 के पांच महीने बीतने के बाद भी इस सडक़ का निर्माण कार्य पूरा नहीं हो पाया है। कई बार ज्ञापन देने और सड़क को सही करने की मांग के बाद भी इस सड़क को सही नहीं किया गया है।

अरनोद उपखंड मुख्यालय को मध्यप्रदेश से जोड़ने वाली यह प्रमुख सड़क है। सड़क बनने का काम शुरू होने पर लोगों ने राहत की सांस ली थी कि वर्षों से जर्जर सड़क पर आवागमन करने के बाद अब वाहन चलाने में कुछ आराम होगा। लेकिन, इस सड़क की मॉनिटरिंग भी नहीं हो रही है। ठेकेदार ने जहां एक ओर सड़क निर्माण के काम को कई जगह अधूरा छोड़ दिया तो वहीं जिस सड़क का निर्माण किया, वह भी गुणवत्तापूर्ण नहीं होने के कारण फिर से टूटने लगी है। सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारियों की लापरवाही के चलते कार्यस्थल पर ठेकेदार क्या करते हैं, यह देखने भी कोई नहीं जाता हैं।

#### इनका कहना...

इस सड़क का कार्य करने वाले ठेकेदार को समय अवधि खत्म होने के बाद कार्य पूर्ण करने के लिए कई बार नोटिस दिया जा चुका है। रोड पर अभी एक परत की गई है अभी दो परत और बाकी है। सरकार के भी निर्देश है कि क्षेत्र में जो भी निर्माण कार्य अधूरे है, उन्हें नोटिस देकर जल्द पूरे कराए जाए, अन्यथा ब्लैक लिस्टेड की कार्रवाई की जाए।

**आरसी मीना, एक्सईएन, सार्वजनिक विभाग अरनोद**

## पटवारियों के भत्ते का मामला सरकारी प्रक्रिया में उलझा

**मंदसौर, 02 जून गुरु एक्सप्रेस।** पटवारियों को भत्ता देने वाला कैबिनेट का फैसला सरकारी प्रक्रिया में उलझ गया है। इस उलझन के चलते बीते 3 महीने से मंदसौर सहित प्रदेश के पटवारियों को भत्ता नहीं मिल रहा है। यह भत्ता विधानसभा चुनाव के पहले कैबिनेट से मंजूर हुआ था। भत्ते में एग्री स्टेट, स्टेशनरी, अन्य और डीए शामिल है। पटवारियों ने तीन माह में कई बार अफसरों से बात की, लेकिन उन्हें हर बार आश्वासन मिला कि अगले महीने से शुरू हो जाएगा।

दो दिन पहले इसी मामले में आयुक्त लैंड रिकार्ड ने वीडियो कॉन्फ्रेंस करके सभी जिला अधीक्षक भू- अभिलेख को निर्देश दिए कि बजट की कमी के कारण भत्ते नहीं दिए जा रहे हैं, लेकिन पटवारियों का वेतन नहीं रोका जाए।

बता दें कि मप्र में कुल 25 हजार 500 पटवारी हैं। इनमें 19 हजार पुराने और 6 हजार 700 नए हैं। पुराने पटवारियों को महीने का 6 हजार 500 रुपए भत्ता मिलता है। इसमें एग्री स्टेट यानी कृषि कार्य के लिए करीब 4000 रुपए, 1000 रुपए स्टेशनरी का, 1000 रुपए अतिरिक्त और 500 रुपए डीए शामिल है। जबकि, नए पटवारियों को उनके वेतन अनुसार यह भत्ता कम मिलता है।

## नर्सिंग घोटाला:ओम गोस्वामी सहित चार को भेजा जैल

**मंदसौर, 02 जून गुरु एक्सप्रेस।** नर्सिंग कॉलेज घोटाले की जांच में गड़बड़ी करने के चार आरोपियों को सीबीआई की विशेष अदालत में पेश किया गया। जहां से शेष बचे चारो आरोपियो को जैल भेज दिया गया। इसमें सीबीआई के पूर्व इंस्पेक्टर राहुल राज, रवि भदौरिया, जुगल किशोर शर्मा और मंदसौर से जुड़े ओम गोस्वामी शामिल है।

इन सभी को सीबीआई की विशेष अदालत में पेश किया गया था। सूत्रो के अनुसार जांच में सामने आया था कि ओम गोस्वामी ने मंदसौर के नर्सिंग कॉलेजों से रुपया लेकर आरोपी अफसरों तक पहुंचाया था। इसके अलावा अन्य जिलों के मेडिकल कॉलेजों की दलाली का काम भी ओम गोस्वामी के पास था। ओम गोस्वामी की मुख्य भूमिका सामने आने के बाद ओम गोस्वामी सहित चार की रिमांड भी बढ़ाई गई थी। मामले में चार अन्य आरोपियों के वकीलों ने जमानत याचिका दायर की थी। याचिका को स्वीकार करने पर आरोपियों की जमानत पर एनएसयूआई के प्रदेश संयोजक और नर्सिंग घोटाले के शिकायतकर्ता रवि परमार ने आपत्ति जताई। परमार ने कहा कि आरोपी सबूतों के साथ छेड़छाड़ कर सकते है और उनकी जान को भी खतरा है। लिहाजा कोर्ट ने आरोपी प्रीति तिलकवार, सचिन जैन, वैध शर्मा, और राधा रमण शर्मा की जमानत निरस्त कर दी।

## गुंडागर्दी करते दो युवकों ने दूकान में की तोड़फोड़

**रतलाम, 02 जून गुरु एक्सप्रेस।** शहर के मुख्य बाजार कोठारी वास में दो युवको द्वारा सरे आम गुंडागर्दी करने का मामला सामने आया है। दोनों युवक दुकान में तोड़फोड़ कर दुकानदार के मुनीम से मारपीट करने लगे। पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। फरियादी ने इसकी शिकायत पुलिस ठाने पर दी। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।



फरियादी अरविन्द पिता रत्ननारायण सेवन्या निवासी कोठारी वास ने पुलिस में शिकायत करते हुए बताया की मेरे घर के निचे कपडे की दूकान है। आज रविवार दोपहर करीब 3 बजे मेरी दुकान पर कमल गुर्जर एवं बंटी बैरागी नशे में धुत होकर आये और मेरे मुनीम गोपाल पालीवाल के साथ मारपीट करते हुए दस हज़ार की मांग करने लगे। मुझे सुचना मिलने पर जब में शिकायत करने पुलिस थाने जा रहा था तभी दोनों युवक मेरी दूकान पुन: पहुंचे और दूकान में लट्ठ से तोड़फोड करने लगे और धमकाते हुए भाग गए। फरियादी ने शिकायत में बताया की उक्त दोनों आरोपियों के खिलाफ 8 -9 माह पूर्व में भी प्रकरण दर्ज करवाया था। इस वारदात का पूरा घटनाक्रम सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया। पुलिस वीडियो के आधार पर आरोपियों की तलाश में जुट गयी है।







## नपा खेल रही नोटिस का खेल

नगर पालिका इन दिनो जर्जर मकानों को नोटिस देने तक ही सीमित है। जबकि, आगामी दिनो में बारिश का मौसम शुरू होने वाला है। ऐसे में सवाल यह उठ रहा है कि नपा क्या हादसे के बाद ही जागेगी?

## विचार-मंथन



# चिलचिलाती धूप और लू की मार ...

इस वर्ष की गर्मी जिस रूप में आई है, उसकी आशंका पिछले कई महीने से जाहिर की जा रही थी। मगर इस तरह के पूर्वानुमानों की सार्थकता तभी है जब किसी संकट की स्थिति से निपटने के लिए तैयारी भी साथ-साथ की जाए। विडंबना यह है कि विज्ञान की उपलब्धियों के सहारे अब आने वाले दिनों के मौसम को लेकर कई बार सटीक अनुमान तो लगा लिए जाते हैं, लेकिन उसके मुताबिक जरूरी कदम उठाने के लिए न तो सरकारों को कोई ठोस पहल करते देखा गया और न ही आम जनता इसके प्रति सचेत होती है या अपने स्तर पर कोई सावधानी बरतती है। यह बेवजह नहीं है कि पिछले कुछ दिनों से गर्मी का मौसम एक तरह से कहर ढा रहा है और लोग इसे झेलने पर मजबूर हैं। चिलचिलाती धूप और लू की मार से बचने के लिए लोगों को अब अतिरिक्त इंतजाम करना पड़ रहा है। कई जगहों पर लू की वजह से कुछ लोगों की मौत हो जाने के अलावा बिहार में कई स्कूली बच्चों के बीमार पड़ने की खबरें आई। पारा किस कदर ऊपर की ओर चढ़ रहा है, उसका अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि गर्मी से उपजी परेशानी अब हादसों और पेयजल तक के संकट के रूप में बदल रही है। गौरतलब है कि बुधवार को राजधानी दिल्ली में मुंगेशपुर इलाके में तापमान 52.9 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया और दिल्ली सहित कई राज्यों में इसका असर अब जनजीवन बाधित होने के तौर पर भी सामने आ रहा है। दिल्ली में अब तक दर्ज किया गया यह सबसे ज्यादा तापमान है और इससे अस्सी वर्ष पहले का वह रिकार्ड टूटा है, जब 29 मई को तापमान 47.2 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया था। इसके अलावा, पंजाब और हरियाणा सहित उत्तर-पश्चिम भारत के कई शहर लू की चपेट में हैं और उन इलाकों के लिए मौसम विभाग को लाल चेतावनी जारी करनी पड़ी। यानी कि जिस तरह की गर्म हवाएं चल रही हैं, उससे स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं पैदा होने का खतरा है। हालांकि बुधवार को ही शाम में मौसम ने करवट बदली और आंधी के साथ कुछ इलाकों में बारिश भी हुई, जिससे राहत के आसार बने, लेकिन तापमान और गर्मी का जैसा रुख बना हुआ है, उसके मद्देनजर आने वाले कुछ दिन संवेदनशील हो सकते हैं और लोगों को हर स्तर पर सावधानी बरतने की जरूरत है। मुश्किल यह है कि जिस समय कुदरत की मार से उपजे संकट का सामना करने के लिए आम लोगों को सतर्क होना चाहिए और सरकार की ओर से हर जरूरी कदम उठाए जाने चाहिए, वैसे में अलग-अलग राज्यों के बीच एक विचित्र खींचतान शुरू हो जाती है। दिल्ली सरकार की ओर से यह आरोप लगाया गया कि भीषण गर्मी से उपजे पेयजल संकट के बीच हरियाणा दिल्ली के हिस्से का पानी नहीं दे रहा है। इस मसले पर दिल्ली सरकार ने सुप्रीम कोर्ट जाने की भी बात कही। सवाल है कि प्रकृति के कोप से उपजे हालात से निपटने के लिए सबको साथ मिल कर कोई रास्ता या फिलहाल मुश्किल का तुरंत कोई हल निकालना चाहिए या आम लोगों के सामने उपजे पीने के पानी तक के संकट के समय टकराव का रास्ता अख्तियार करना चाहिए? यह ध्यान रखने की जरूरत है कि पर्यावरण में बढ़ते तापमान की वजह से जो स्थितियां पैदा हो रही हैं, उससे सामूहिक प्रयासों और मजबूत राजनीतिक इच्छाशक्ति की जरिए ही निपटा जा सकता है। ऐसे में मौसम के रुख और बदलते जलवायु की अनदेखी करना और संकट के समय खींचतान करना संकट को और जटिल बनाएगा।

# सट्टा बाजार में किसकी जीत, किसकी हार?

**संजय तिवारी**

परिणाम भले ही 4 जून को आयें, लेकिन तब तक सरकारों के बनने बिगड़ने पर बहस होती रहेगी। लेकिन उसके पहले हर बीतते चरण के साथ देशभर के सट्टा बाजार अपना अपना अनुमान लगाते गये है। अब उनका लगभग अंतिम परिणाम सामने आ गया है लेकिन आश्चर्यजनक रूप से टीवी चैनलों के एक्जिट पोल की तरह वो भी किसी एक दल की जीत पर एकराय नहीं दिख रहे हैं। वैसे तो सट्टा बाजार हो या एक्जिट पोल ये सब एक प्रकार के आकलन ही होते हैं। फिर भी सट्टा बाजार में चुनावी जीत हार को महत्व इसलिए भी मिलता है क्योंकि यहां लोगों का पैसा लगा होता है। यहां जिसका रेट जितना कम उसके जीतने का चांस उतना अधिक। जिसका रेट जितना ज्यादा उसके जीतने की संभावना उतनी कम। इस लिहाज से सट्टा बाजार के बारे में कहा जाता है कि सत्ता संग्राम पर लगने वाला दांव कई बार नतीजों के आसपास ही रहता है। ऐसा इसलिए क्योंकि सटोरियों को सत्ता में किसी की जीत हार से अधिक सट्टा में अपनी जीत हार से मतलब होता है। इसलिए वो बहुत ठोक बजाकर ही किसी पार्टी या उम्मीदवार की जीत या हार पर सट्टा खेलते हैं। अब अगर सत्ता के लिए सट्टा बाजार की विश्वसनीयता की बात करें तो राजस्थान के फलोदी का सट्टा बाजार सबसे अधिक चर्चित रहता है। फलोदी सट्टा बाजार में जीत या हार पर



लगनेवाले रेट से एक अनुमान लग जाता है कि इस बार किस पार्टी को कितनी सीट मिलनेवाली है और कौन सी पार्टी सत्ता में आनेवाली है। इस लिहाज से देखें तो फलोदी सट्टा बाजार में अब फिर बीजेपी सबसे ऊपर पहुंच गयी है। शुरुआत में बीजेपी की जीत का चांस बहुत अधिक था, फिर थोड़ा कम हुआ और अब एक बार फिर फलोदी सट्टा बाजार में बीजेपी की जीत का चांस सबसे अधिक हो गया है। फलोदी सट्टा बाजार के अनुसार इस आम चुनाव में अकेले बीजेपी को 290 से 300 सीट मिलने जा रही है। जबकि फलोदी सट्टा बाजार में पहले तो कांग्रेस को 65 से 75 सीटें मिलता बताया जा रहा था लेकिन अब 40 से 42 सीटों पर ही जीत की संभावना जतायी जा रही है। फलोदी सट्टा बाजार का ताजा रेट जो है उसके मुताबिक बीजेपी प्रचंड बहुमत के साथ केन्द्र में वापसी कर रही है और नरेन्द्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने जा रहे हैं। जबकि दूसरी ओर फलोदी सट्टा बाजार के अनुसार कांग्रेस को पिछली बार से भी कम सीटें मिल सकती हैं। इस बार उसे 42 सीटें मिलने का अनुमान लगाया गया है। लगातार तीसरी बार कांग्रेस नेता विपक्ष का पद पाने लायक सीटें लाने की हैसियत में भी नहीं पहुंच पा रही है। फलोदी सट्टा बाजार न केवल केन्द्र में भाजपा को 300 सीट मिलने का अनुमान लगा रहा है बल्कि यूपी में भी भाजपा को 62 से 65 सीट जीत लेने की भविष्यवाणी कर रहा है। लेकिन फलोदी सट्टा बाजार को छोड़ दें तो देश में अलग अलग सट्टा बाजार में बीजेपी सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरती तो दिख रही है लेकिन उसको अकेले अपने दम पर बहुमत मिलता नहीं दिख रहा है। मसलन, इंदौर सराफा सट्टा बाजार में सटोरिये बीजेपी द्वारा 260 सीट जीतने का अनुमान लगा रहे हैं। इंदौर सराफा में सटोरियों का अनुमान है कि इस बार कांग्रेस 94 सीट जीत सकती है जबकि कांग्रेस के इंडिया गठबंधन को 180 सीटें मिल सकती हैं। इंदौर सराफा का अनुमान है कि बीजेपी की 260 सीट के साथ एनडीए को कुल 283 सीट मिल सकती है, इस प्रकार केन्द्र में बहुत आराम से एनडीए की सरकार बन जाएगी। फलोदी और इंदौर सराफा के अलावा बाकी देश में चलनेवाले अलग सट्टा बाजार में बीजेपी बहुमत से बहुत दूर दिखाई दे रही है। उत्तर से लेकर दक्षिण तक और पूरब से लेकर पश्चिम तक अलग अलग सट्टा बाजारों में सामान्यतया बीजेपी को सवा दो सौ सीट के आसपास सीटें मिलने का अनुमान लगाया जा रहा है। पालनपुर सट्टा बाजार के अनुसार बीजेपी को 216 सीटें मिलती दिख रही हैं। पालनपुर सट्टा बाजार में कांग्रेस को 112 सीटें मिलने का अनुमान लगाया जा रहा है। पालनपुर सट्टा बाजार को देखें तो इंडिया गठबंधन और एनडीए गठबंधन दोनों को बहुमत मिलता नहीं दिख रहा है। इस चुनाव में इंडिया गठबंधन को 225 तो एनडीए गठबंधन को 245 सीटें मिलने का अनुमान लगाया गया है। इसी तरह करनाल सट्टा बाजार में भी किसी गठबंधन को बहुमत मिलने के आसार नहीं हैं। कांग्रेस की अगुवाई वाले इंडिया गठबंधन को 231 सीटें मिलने का अनुमान लगाया जा रहा है तो भाजपा की अगुवाई वाले एनडीए को 263 सीटें। करनाल सट्टा बाजार भाजपा को 235 सीटों पर तो कांग्रेस की 108 सीटों पर जीत मानकर दांव लगा रहा है। कोलकाता सट्टा बाजार में भी बीजेपी को 218, कांग्रेस को 128 सीट जीतने का अनुमान लगाया जा रहा है। कोलकाता सट्टा बाजार के अनुसार इंडिया गठबंधन और एनडीए गठबंधन में से किसी को पूर्ण बहुमत नहीं मिल रहा है। इंडिया गठबंधन को 228 तो एनडीए को 261 सीटें मिल सकती हैं। अगर गुजरात के तीन अलग अलग सट्टा बाजार की बात करें तो बोहरी सट्टा बाजार, सूरत सट्टा बाजार और अहमदाबाद सट्टा बाजार तीनों में ही भाजपा को बहुमत मिलता नहीं दिख रहा है। सूरत सट्टा बाजार में एनडीए को जरूर बहुमत मिलता बताया जा रहा है और सूरत सट्टा बाजार के अनुसार एनडीए को 282 सीटें मिल सकती हैं। बोहरी समुदाय जो कि मोदी का करीबी मुस्लिम समुदाय समझा जाता है उसके अपने सट्टा बाजार में बीजेपी को 227 सीटों के साथ एनडीए को 255 सीटें मिलने का अनुमान लगाया गया है। यानी बोहरी सट्टा बाजार के अनुसार न तो बीजेपी को पूर्ण बहुमत मिलने जा रहा है और न ही एनडीए को। इसी तरह अहमदाबाद सट्टा बाजार में भी बीजेपी बहुमत से दूर दिखाई दे रही है। अहमदाबाद चोखा बार में बीजेपी को 241 तो एनडीए को 270 सीट मिलने का अनुमान लगाया जा रहा है।

# चुनाव परिणाम चाहे जो हो, प्रदेश भाजपा में बदलाव होना निश्चित!

**सिद्धार्थ शंकर गौतम**

दरअसल, केंद्रीय नेतृत्व ने मध्य प्रदेश भाजपा संगठन के समक्ष सभी 29 लोकसभा सीटों को जीतने का लक्ष्य दिया है जिसे मुख्यमंत्री मोहन यादव ने भी प्रतिष्ठा का प्रश्न बना लिया है। तभी उन्होंने लंबे समय के लिए छिंदवाड़ा में ही डेरा जमा लिया था। इसके अलावा वे हर उस सीट पर पहुंचे जहां भाजपा की स्थिति कमजोर नजर आ रही थी। हालांकि पिछली बार से कम मतदान और महिलाओं के मत प्रतिशत में 10 फीसद की गिरावट भाजपा नेतृत्व को परेशान कर रही है। 2023 के विधानसभा चुनाव में लाड़ली बहना ने पार्टी को जो प्रचंड बहुमत दिया था, उसमें शिवराज सिंह चौहान की महिलाओं में लोकप्रियता भी एक बड़ा कारक थी। ऐसे में महिलाओं के मत प्रतिशत का घटना कहीं शिवराज सिंह चौहान को मुख्यमंत्री न बनाने के फैसले का विरोध है? यह सवाल भी मोहन यादव सरकार को परेशान किए हुए है। इन सबके बीच यह सवाल भी उठ रहा है कि यदि प्रदेश में लोकसभा चुनाव परिणाम अपेक्षा के अनुरूप नहीं आए तो मोहन सरकार सहित भाजपा संगठन में बदलाव होगा? पर्ची वाले सीएम का दाग मोहन यादव का पीछा नहीं छोड़ रहा। जिस प्रकार शिवराज सिंह चौहान के बरक्स उनकी ताजपोशी हुई है उसका लिटमस टेस्ट है लोकसभा चुनाव जिसका परिणाम उनके सियासी कद को परिभाषित करेगा। प्रदेश की कुल जनसंख्या में उँगली पर गिने जाने वाले यादव समुदाय के व्यक्ति को मुख्यमंत्री बनाने के पीछे उत्तर प्रदेश, बिहार सहित हरियाणा के यादवों को साधने का जो उपक्रम केंद्रीय नेतृत्व ने रचा था, फिलहाल तो वह पूरा होता दिख नहीं रहा है। बिहार में लालू परिवार और उत्तर प्रदेश में मुलायम परिवार की राजनीतिक जड़ें इतनी गहरी हैं कि उज्जैन के मोहन को उन्हें हिला पाने में अभी समय लगेगा। इसके अलावा योगी की तर्ज पर शुरू हुई उनकी पारी पर नर्सिंग घोटाले से लेकर इंदौर नगर निगम घोटाले के दाग भी लग रहे हैं। दिग्विजय सिंह के जिस बिजली विहीन और गड्ढों वाली सड़क के युग को मुद्दा बनाकर भाजपा प्रदेश में सत्ता में आती रही है, वर्तमान में वैसा ही हाल प्रदेश में हो गया है। प्रदेश की जनता शिवराज सिंह के कार्यकाल को याद करने लगी है। विपक्ष लोकसभा चुनाव के बाद मुख्यमंत्री बदलेगा के दिवास्वप्न देख रहा है। तो क्या वास्तव में प्रदेश में मुख्यमंत्री बदल जाएगा? यह इतना आसान भी नहीं दिखता। मोहन यादव को अभी मुख्यमंत्री बने 6 माह ही हुए हैं और किसी के लिए भी इतने कम समय में अपनी छाप छोड़ पाना कठिन है। वह भी ऐसे माहौल में जबकि 3 महीने से लगी आचार संहिता के चलते उन्हें काम करने का अवसर ही नहीं मिला है। फिर इसी वर्ष हरियाणा में विधानसभा चुनाव हैं तो अगले वर्ष बिहार विधानसभा चुनाव हैं। फिर उत्तर प्रदेश में चुनाव होंगे और 2028 में उज्जैन में सिंहस्थ होना है। निश्चित तौर पर केंद्रीय नेतृत्व मोहन यादव को अभी और अवसर देगा। राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से उनकी नजदीकी भी उनके पक्ष में जाती दिख रही है। इसके अलावा पूरा लोकसभा चुनाव नरेंद्र मोदी के चेहरे पर लड़ा गया है तो प्रदेश में हार-जीत भी मोदी के हिस्से आएगी। अतः वर्तमान और भविष्यगत राजनीतिक परिस्थितियों को देखते हुए मोहन यादव की कुर्सी पर कोई खतरा नहीं दिखता है। हां, पहले और दूसरे चरण के मत प्रतिशत के अप्रत्याशित रूप से घटने के बाद गृहमंत्री अमित शाह ने भोपाल विमानतल पर मंत्रियों को चेतावनी भरे लहजे में समझाईश दी थी और विधायकों को मंत्री बनने के लिए मत प्रतिशत बढ़ाने की बात की थी। अब जबकि चार चरणों में प्रदेश में लोकसभा चुनाव समाप्त हो चुके हैं तो निर्वाचन आयोग के आंकड़ों के अनुसार करीब 90 प्रतिशत मंत्रियों के क्षेत्र में मत प्रतिशत पिछली बार की अपेक्षा घटा है और जिन विधायकों ने मंत्री बनने की आशा में अपने क्षेत्रों में मत प्रतिशत बढ़वाया है, उनके मंत्री बनने की संभावनाएँ भी बढ़ी हैं। इसके अलावा अभी मुख्यमंत्री के पास डेढ़ दर्जन मंत्रालयों का अतिरिक्त प्रभार है, जिसे कम करके नए मंत्री बनाए जा सकते हैं। कुछ मंत्रियों की कार्यशैली को लेकर संगठन नाखुश है और कई मंत्री सीधे केंद्रीय नेतृत्व की निगरानी में हैं। फिर सभी मंत्रियों को लोकसभा सीट वार प्रभारी बनाया गया था। जीत-हार के अलावा मार्जिन भी उनके मंत्रीपद की कसौटी को तौलेगा। जहां तक प्रदेश भाजपा की बात है तो प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीडी शर्मा ने जिम्मेदारी मिलने के बाद कई बार अपनी संगठन क्षमताओं का लोहा मनवाया है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के पूर्व पदाधिकारी होने के चलते वे संघ के भी लाड़ले हैं। खजुराहो से सांसद होने के चलते उनके दिल्ली दरबार से भी मधुर संबंध हैं। हालांकि उन्हें प्रदेश में अब लंबा समय हो गया है इसलिए प्रदेश अध्यक्ष पद पर नवीन नियुक्ति को लेकर चर्चाएँ चलने लगी हैं। फिर राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा स्वयं एक्सटेंशन पर चल रहे हैं और चुनाव परिणाम के बाद उनके भी भविष्य का फैसला होना है। ऐसे में मध्य प्रदेश में भी प्रदेश संगठन में बड़ा बदलाव देखने को मिलेगा।

# अग्निकांड़ों ने हर भारतीय का दिल जखमी किया

आग क्यों और कैसे लगी, यह तो जांच का विषय है ही लेकिन इन व्यावसायिक इकाइयों को उसके मालिकों ने मौत का कुआं बना रखा था। आखिर क्या वजह है कि जहां दुर्घटनाओं की ज्यादा संभावनाएं होती हैं, वहीं सारी व्यवस्थाएं फेल दिखाई देती है सारे कानून कायदों का वहीं पर स्याह हनन होता है। गुजरात के राजकोट में एक एम्यूजमेंट पार्क के अंदर गेमिंग जोन में लगी आग की लपटें अभी ठीक से बुझी भी नहीं थीं कि शनिवार देर रात राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में बच्चों के एक प्राइवेट हॉस्पिटल में आग लगने से सात नवजात बच्चों की जान चली गयी। दोनों ही घटनाओं में हताहत होने वालों में ज्यादातर छोटे बच्चे हैं। निश्चित रूप से ये हादसे प्रशासनिक लापरवाही की उपज हैं, यही कारण है कि सिस्टम में खामियों और ऐसी आपदाओं को रोकने में सरकारी अधिकारियों की लापरवाही की निंदा की जा रही है। यह याद रखने योग्य है कि नियमित अंतराल पर मानवीय जिम्मेदारी वाले पहलू की अनदेखी से ऐसी गंभीर घटनाएं होने के बावजूद अधिकारियों की उदासीनता और लापरवाही कम होती नहीं दिख रही है। इन जहरीली काली आग ने कितने ही परिवारों के घर के चिराग बुझा दिए। कितनी ही आंखों की रोशनी छीन ली और एक कालिख पोत दी कानून और व्यवस्था के कर्णधारों के मुँह पर। 'अग्निकांड' एक ऐसा शब्द है जिसे पढ़ते ही कुछ दृश्य आंखों के सामने आ जाते हैं, जो भयावह होते हैं, त्रासद होते हैं, डरावने होते हैं। जीवन का हर पल दुर्घटनाओं का शिकार हो रहा है। दुर्घटनाओं को लेकर आम आदमी में संवेदनहीनता की काली छाया का पसरना हो या सरकार की आंखों पर काली पट्टी का बंधना-हर स्थिति में मनुष्य जीवन के अस्तित्व एवं अस्मिता पर सन्नाटा पसर रहा है। इन दोनों मामलों में शुरुआती सूचनाएं ही संदेह का पुख्ता आधार प्रदान कर रही हैं। मसलन, यह बताया गया कि राजकोट के प्राइवेट एम्यूजमेंट पार्क में चल रहे गेमिंग जोन को फायर एनओसी नहीं मिला था। इसके बावजूद यह गेमिंग जोन धड़ल्ले से चल रहा था, बड़ी संख्या में बच्चे यहां महंगे टिकट लेकर आ रहे थे और अगर आग लगने की यह घटना न होती तो पता नहीं कब तक सब कुछ ऐसे ही चलता रहता। ठीक इसी तरह दिल्ली के बेबी केयर सेंटर की आग की घटना ने सभी को झकझोर कर रख दिया है। एनआईसीयू में वेंटिलेटर पर ही 7 नवजात ने दम तोड़ दिया। आग की लपटें इतनी तेज थी कि बच्चों को पीछे के रास्ते से बड़ी मुश्किल से निकाला गया। 5 बेड की क्षमता वाले हॉस्पिटल में 12 बच्चों का इलाज हो रहा था। जाहिर है, एक बेड पर दो या तीन बच्चे थे। आग लगने, हॉस्पिटल के मिस मैनेजमेंट और लापरवाही का क्या स्थानीय प्रशासन को अंदाजा नहीं होना चाहिए कि उसके कार्यक्षेत्र में किस तरह के व्यवसाय कानूनी प्रक्रियाओं की अनदेखी करते हुए चलाए जा रहे हैं प्रश्न है कि इन बढ़ती दुर्घटनाओं की नृशंस चुनौतियों का क्या अंत है बहुत कठिन है दुर्घटनाओं की उफनती नदी में जीवनरूपी नौका को सही दिशा में ले चलना और मुकाम तक पहुंचाना, यह चुनौती सरकार के सम्मुख तो है ही, आम जनता भी इससे बच नहीं सकती। इन दोनों अग्निकांड़ों में पीड़ितजन तो सहानुभूति के पात्र हैं ही, पर इन घटनाओं के लिए सहानुभूति की पात्र देश की जनता भी है, जो भ्रष्ट, लापरवाह एवं लालची प्रशासनिक चरित्रों को झेल रही है। मनुष्य अपने स्वार्थ और रुपए के लिए इस सीमा तक बेईमान और बदमाश हो जाता है कि हजारों के जीवन और सुरक्षा से खेलता है। दो-चार परिवारों की सुख समृद्धि के लिए अनेक घर-परिवार उजाड़ देता है। राजकोट हो या राजधानी में प्राइवेट संस्थानों में आग लगना- बेकसूर लोगों के मारे जाने की घटनाएं कोई नई या चौंकाने वाली बात नहीं है। कभी कोई फैक्ट्री इस वजह से सुर्खियों में आती है तो कभी कोचिंग संस्थान।




## आज का राशिफल

मेष : [illegible]

वृषभ : [illegible]

मिथुन : [illegible]

कर्क : [illegible]

सिंह : [illegible]

कन्या : [illegible]

तुला : [illegible]

वृश्चिक : [illegible]

धनु : [illegible]

मकर : [illegible]

कुंभ : [illegible]

मीन : [illegible]

## सुडोकू पहेली क्रमांक- 5254

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 4 | 2 | 6 | | | 9 | 7 | 3 |
| | | | | 4 | | | 8 | |
| | 1 | 3 | 9 | | | | | |
| | | | | | | 5 | | |
| | 3 | | 2 | 1 | 4 | | 9 | |
| | | 4 | | | | | | |
| | | | | | 9 | 1 | 6 | |
| | 5 | | | 7 | | | | |
| 1 | 7 | 9 | | | 2 | 4 | 3 | 5 |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

## सुडोकू पहेली क्र. 5253

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 5 | 2 | 1 | 3 | 4 | 8 | 6 | 7 |
| 3 | 1 | 7 | 5 | 6 | 8 | 2 | 9 | 4 |
| 4 | 6 | 8 | 7 | 9 | 2 | 5 | 3 | 1 |
| 2 | 8 | 5 | 6 | 7 | 1 | 9 | 4 | 3 |
| 1 | 3 | 4 | 8 | 5 | 9 | 7 | 2 | 6 |
| 7 | 9 | 6 | 2 | 4 | 3 | 1 | 8 | 5 |
| 6 | 2 | 1 | 4 | 8 | 5 | 3 | 7 | 9 |
| 5 | 4 | 9 | 3 | 2 | 7 | 6 | 1 | 8 |
| 8 | 7 | 3 | 9 | 1 | 6 | 4 | 5 | 2 |

## वर्ग पहेली 5254

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | 3 | | 4 | | 5 |
| | ■ | 6 | | ■ | | ■ | |
| ■ | 7 | | | ■ | 8 | 9 | |
| ■ | ■ | | ■ | 10 | | | ■ |
| 11 | ■ | 12 | 13 | | ■ | 14 | 15 |
| 16 | | ■ | 17 | | ■ | 18 | |
| | ■ | 19 | | | ■ | ■ | |
| ■ | 20 | | | ■ | 21 | | |

संकेत: बाएं से दाएं

1. यह भारत में स्थापित होने वाला (विदेशी पूंजी के सहयोग से) पहला बैंक था (1770 में स्थापित) (8)
6. जल प्राप्ति का कृत्रिम स्रोत, ग्रीष्म की ढोल का एक बाजा (2)
7. नाम लेकर बुलाना, फरियाद करना, चलौती देना, आह्वान करना (3)
8. पहाड़ी के नीचे का मैदान, आंचल, फलक (3)
10. भास्कर, दिनपति, रवि, दिनकर, सूर्य (3)
12. झुकना, लचकना, प्रणाम करना (3)
14. सामर्थ्य, क्षमता, वश (2)
16. रघुवंश के अनुसार राजा दिलीप के पुत्र व श्रीरामचंद्र के परदादा, रघुकुल के मूल पुरुष यही थे (2)
17. साधना, तपस्या, योगाभ्यास, अति परिश्रम (2)
18. धूल, गर्द, पराग के कण (2)
19. कार्यनिवृत्ति, निर्वाहन, तामील (3)
20. ख्वाहिश, इच्छा, मांग, लालसा (3)
21. खोज करना, सर्च करना (3)

ऊपर से नीचे

1. महाजनी संस्थान (2)
2. किसी केंद्रीय कम्प्यूटर से जुड़ा हुआ व उसके द्वारा नियंत्रित (5)
3. फलयुक्त होना, फल देना, फल आना (3)
4. जिसमें पूंछ लगी हो, पूंछवाला (4)
5. चक्षु, नेत्र, आंख (3)
9. विवश, लाचार, बेबस (4)
10. निर्जनता, वीराना, सूनापन (4)
11. रामायण के अनुसार समुद्र में रहने वाला एक प्रसिद्ध मगर समुद्र पार करने के समय इसी ने हनुमान जी को रोका था (3)
13. अर्थ, स्वार्थ, खुदगर्जी, आशय (4)
15. राज्याभिषेक, बादशाह का गद्दी पर बैठना (4)
19. मातुल, मेढ़, पालन करने वाला (2)

### वर्ग पहेली 5253 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| जा | पा | न | ■ | म | गो | लि | या |
| ति | ल | ■ | आ | ग | रा | ■ | च |
| प्र | ■ | ज | म | ला | ■ | पा | क |
| था | म | ना | ■ | प | ■ | व | ■ |
| ■ | ■ | मि | हि | र | श्री | न | ■ |
| इ | ला | का | ■ | ण | ■ | ता | वे |
| रा | ज | ■ | दा | ■ | आ | ■ | रू |
| दा | ■ | ना | री | ■ | भा | र | त |



# गायत्री परिवार द्वारा कन्या कौशल प्रशिक्षण सम्पन्न

## चार दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में 10 से अधिक गांवों की बालिकाओं ने लिया भाग

**मंदसौर, 02 जून गुरु एक्सप्रेस।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शाखा मंदसौर द्वारा 29 मई से 1 जून तक भारतीय संस्कृति के आधार पर देश की बच्चियों को विशेष प्रशिक्षण कन्या कौशल प्रशिक्षण जावरा के बाद मंदसौर में 29 मई से आयोजित किया गया। इसमें 10 से अधिक गांव क्षेत्र की बच्चियों को योग प्रशिक्षण, यज्ञ प्रशिक्षण के साथ ही अपने आप को किस प्रकार से समाज में बुराइयों से लड़ने के लिए आत्मनिर्भर बनाने के साथ सोशल ज्ञान का भी प्रशिक्षण कन्या कौशल प्रशिक्षण में दिया गया। इस प्रशिक्षण में भारत विकास परिषद ने अपना पूरा-पूरा सहयोग प्रदान किया गया। गायत्री परिवार के संस्थापक वेद मूर्ति तपोनिष्ठ पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य जी के संकल्प को 21वीं सदी की नारी शक्ति का संकल्प साक्षात पूरा होता नजर आ रहा है।

1 जून को इस समापन शिविर में विशेष रूप से आमंत्रित एफसीआई के डायरेक्टर मदनलाल राठौड़, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सेवाभावी कार्यकर्ता रविंद्र पांडे, भारत विकास परिषद के प्रांतीय अध्यक्ष घनश्याम पोरवाल, जिला अध्यक्ष अजय शर्मा, राधा देवी मरचा चैरिटेबल ट्रस्ट के वरिष्ठ सदस्य एडवोकेट बार उपाध्यक्ष देवेंद्र मरच्या, श्रीजी नर्सिंग कॉलेज के डायरेक्टर दीपक सैनी के साथ बड़ी संख्या गणमान्य नागरिक ने इस समापन के कार्यक्रम में भागीदारी करी। कार्यक्रम में विशेष रूप से उद्बोधन में मदन लाल राठौड़ ने कहा कि अखिल विश्व गायत्री परिवार गांव गांव के अंदर बच्चियों को कन्या कौशल शिविर आयोजित कर रहे हैं उससे आने वाले समय में समाज की कुरीतियों को खत्म करने में बच्चियों आगे आएंगे। दहेज प्रथा, नशा मुक्ति व रचनात्मक कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेंगी।जिसका असर दिखने लगा है। बच्चों ने जिस प्रकार से अपने अनुभव यहां आकर सुनाएं हैं यही सही अर्थों में धर्म की स्थापना है। रविंद्र पांडे द्वारा अपने उद्बोधन में कहा गया कि बहुत तेजी से परिवर्तन का समय चल रहा है इस परिवर्तन के समय में सभी भाइयों को भागीदारी करते हुए अब आलसी में समय नहीं गंवाना है। अपना समय और धन राष्ट्र के लिए समर्पित करने का समय आ चुका है इतिहास के पन्नों में यह समय बड़ा महत्वपूर्ण कहलाएगा इसके लिए गायत्री परिवार के विचार मिल के पत्थर साबित होंगे। देवेंद्र मरचा एडवोकेट ने कहा मेरी माताजी की स्मृति में मैं जहां भी बच्चों के सेवा कार्य में इस ट्रस्ट से सहयोग रहेगा मैं उसको अवश्य पूरा करूंगा। भारत विकास परिषद के घनश्याम पोरवाल द्वारा कहा कि हमारे भारत विकास परिषद सेवा समर्पण के साथ ही नए परिवर्तन पर पूरा कार्य कर रहा है और गायत्री परिवार के साथ मिलकर हम कन्या कौशल के इस कार्यक्रम में आगे भी जो सहयोग लगेगा उसको प्रदान करेंगे हमें खुशी है कि गायत्री परिवार इस प्रकार के कार्यों में हमको जोड़कर कार्य करता है इस कार्य के लिए सबका सहयोग अति आवश्यक है।

श्रीजी नर्सिंग कॉलेज के डायरेक्टर दीपक सैनी ने कहा कि मुझे समापन पर आकर ऐसा लगा कि कुछ और ज्यादा करना था। बच्चों के आंखों से विदाई के समय जो आंसू निकले उस समय पूरा वातावरण खुशी के साथ गम में डूब गया।भारत की इन बच्चियों के चार दिन के शिविर में जो अनुभव सुनाए हैं वह अतुलनीय है। आपने कहा कि जब हम आए थे पहले दिन हमें ऐसा लगा कि हम कहां आ गए लेकिन आज हम जब विदा हो रहे हैं तो जीवन में यह पल ऐसा लग रहा है कि दोबारा नहीं आएगा। गायत्री परिवार के इस कन्या कौशल कार्यक्रम में बच्चों ने कहा कि आदरणीय पवन भैया व निशा बहन द्वारा जो सेवा की गई है उसे हम भूल नहीं पाएंगे। बच्चों को विशेष सर्टिफिकेट के साथ भारत विकास परिषद व राधा देवी मरच्या चैरिटेबल ट्रस्ट के द्वारा उपहार दिए गए। कार्यक्रम में बच्चियों ने शपथ ली की हम जो भी हमें सिखाया है इसको हम गांव में पहुंच कर प्रतिदिन अपने जीवन में स्थान देंगे।प्रार्थना आराधना अध्ययन यज्ञ योग प्रशिक्षण कुरीतियों उन्मूलन के कार्य और आगे बढ़ाएंगे। मंदसौर शाखा के ट्रस्टी नरेश त्रिवेदी द्वारा कहा गया कि हमारे द्वारा कन्या कौशल के कार्यक्रम प्रतिवर्ष आयोजित किए जाते हैं इन आयोजनों का मकसद मुख्य रूप से बच्चियों को अपने जीवन में अपना मुख्य उद्देश्य केवल परिवार के साथ न होकर राष्ट्र के साथ क्या करना है यही प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य है। कार्यक्रम में गौ सेवक कमलेश दुबे, दिलीप माहेश्वरी, परसराम शर्मा, शांति पाटीदार, चंद्रकला सेठिया, रेखा सिंह ने सहयोग प्रदान किया गया। कार्यक्रम का संचालन सत्येंद्र सिंह सोम द्वारा किया गया। आने वाले वर्ष में 500 बच्चों का शिविर अखिल विश्व गायत्री परिवार आयोजित करेगा।इस लक्ष्य को अभिषेक पूरा करने का संकल्प लिया गया। यह जानकारी दिलीप माहेश्वरी ने दी।

# दुर्घटना में जैन संत श्री मदन मुनि का हुआ देहांत

**सिंगोली, 02 जून गुरु एक्सप्रेस।** संयम पथ पर निरन्तर आगे कदम बढ़ा रहे ज्ञानगच्छाधिपति पूज्य गुरूदेव श्रुत पंडित रत्न श्री प्रकाश चन्द्र जी म.सा. के आज्ञानुवर्ती संत सिंगोली के गौरव पूज्य श्री मदनमुनि जी म.सा का 1 जून को चितौडगढ़ की ओर विहार करते समय सतखंडां के पास एक ट्रोले ने पैदल विहार कर रहे पूज्य मदनमुनि जी को चपेट मे ले लिया जिससे उनका देहांत हो गया घटना के समय आपके साथ आपके सांसारिक पुत्र एवं पूज्य श्री संदीप मुनी जी म.सा भी साथ ही विहार कर रहे थे। दुर्घटना के तुरंत बाद राह चलते लोगो ने पुलिस ओर समाजजनो को सूचना दी सूचना मिलते ही पुलिस तथा समाजजन मौके पर पहुंचे और दुर्घटना मे गंभीर घायल मदनमुनि जी को एम्बुलेंस द्वारा चितौडगढ़ सांवलिया हॉस्पिटल लेकर आए जहा डाक्टरो ने पूज्य श्री मदनमुनि को मृत घोषित कर दिया। एक्सीडेंट से मदनमुनि का देवलोक होने खबर मिलते ही समाजजनो मे शौक की लहर छा गई। ज्ञात रहे मदनमुनि जी म.सा सिंगोली नगर के मुल निवासी थे और अच्छी पढ़ाई कर आप इंजीनियर बने और सरकारी नौकरी की नौकरी मे आपने अच्छा नाम कमाया नौकरी पुरी करने के बाद आपने अपने तथा अपनो का जीवन सुधारने की मन मे ठानी और आप स्वंय और आपके बड़े पुत्र संदीप जी ओर सुपुत्री आराधना जी ने जिनशासन को दीपाने के लिए संयम मार्ग अपनाया और संयम के मार्ग पर चलते हुए ज्ञानगच्छ मे दिक्षित होकर जिनशासन की शान बढ़ाई। आपने अपने संयम जीवन मे भी जिनवाणी के बताए मार्ग पर चलकर अपनी आत्मा का उद्धार करने का लक्ष्य रखा आपने संयम जीवन बहुत ही जागरूक और कर्मठता के साथ पुरा किया।



**जिनशासन के सितारे पूज्य मदनमुनि जी की महाप्रयाण यात्रा चितौडगढ़ सेंती के सुधर्म भवन से निकली**–पूज्य गुरूदेव श्री मदनमुनि जी म.सा की महाप्रयाण यात्रा रविवार सुबह 8-30 बजे चितौडगढ़ के सुधर्म भवन सेंती से मोक्षधाम सेंती के लिए निकली महाप्रयाण यात्रा मे सिंगोली, बेंगू, बिजोलिया, नीमच, जावद, सरवानिया, मोरवन, भीलवाडा, इन्दौर, मन्दसौर, रतलाम, चितौडगढ़, राश्मि, कपासन, पहुंना, पारसोली गंगरार,ब्यावर, अजमेर,जोधपुर, आदी स्थानो के श्रावक श्राविकाओ ने पहुंच कर श्रृद्धा सुमन अर्पित करते हुए पूज्य गुरूदेव श्री मदनमुनि जी म.सा को अपने अंतिम लक्ष्य मोक्ष प्राप्ति की कामना की।

**मदनमुनि के रूप मे जिनशासन का एक ओर सितारा अस्त हुआ**–विगत कुछ दिनो से लगातार जैन साधु साध्वियो का देवलोक गमन हो रहा है जिसमे कुछ का भीषण गर्मी से तो कुछ का एक्सीडेंट मे देवलोक गमन होने की घटनाओ से जैन समाज को भारी क्षति हुई है। जिनशासन के अनमोल रत्नो का यु जाना भारी नुकसान दायक है।

# जनपरिषद की पर्यावरण संगोष्ठी सम्पन्न

**मंदसौर, 02 जून गुरु एक्सप्रेस।** सामाजिक और सांस्कृतिक संस्था जनपरिषद जिला मंदसौर चैप्टर द्वारा शहीद हेमू कालानी चौराहा स्थित मेडिपॉइंट सभागृह में शनिवार शाम आयोजित पर्यावरण संगोष्ठी की मुख्य वक्ता शिक्षाविद एवं वनस्पति विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ प्रेरणा मित्रा ने कहा कि जलस्तर का कम होना और गर्मी का बढ़ना बिगड़ते पर्यावरण का ही कारण है क्योकि मनुष्य ने विकास तो खूब किया लेकिन वह जीव-जंतु और पेड़-पौधों को भूल गए। यदि इसी तरह से पर्यावरण का दोहन होता रहा तो शीघ्र ही हमे दूसरी प्रथ्वी की आवश्यकता होगी जबकि अभी किसी दूसरे ग्रह पर जीवन संभव नही है।



डॉ मित्रा ने कहा इसलिये विकास के साथ हमें पर्यावरण को बचाने की पहल शुरू करनी होगी, इसके लिये हमें खुद आगे आकर प्रयास करना पड़ेंगे। डॉ प्रेरणा मित्रा ने शिवना नदी में पाई जाने वाली जलकुंभी से वस्त्र , साडियां और पेपर बनाऐ जाने का उल्लेख किया और बताया कि महाराष्ट्र में जलकुंभी के माध्यम से साडियां बनाने का स्टार्टअप शुरू किया गया है इससे कागज भी बनाऐ जा रहे है इसलिए हम भी अपने यहां शिवना नदी की जलकुंभी का उपयोग इस तरह कर सकते है ताकी शिवना नदी से जलकुंभी समाप्त हो जाऐ और उसी जलकुंभी से रोजगार के अवसर भी उत्पन्न हो। इसी तरह से वेस्ट प्लास्टिक को भी कई तरह से उपयोगी बनाया जा सकता है। प्रमुख समाजसेवी नाहरू खान मेव ने कहा कि कोरोना आपदा में वृक्ष याद आऐ थे उसके बाद आज जब भीषण गर्मी है तक पर्यावरण की याद आ रहीं है लेकिन अब समय आ गया है कि हमें पर्यावरण को बचाने के लिए ठोस उपाय करने होंगे, जनपरिषद के मिशन के साथ जागरूकता लाना होगी। वरिष्ठचिकित्सक और दशपुर रत्न से अलंकृत डॉ विजयशंकर मिश्र ने कहा कि दिखावे के लिए काम ना हो बल्कि ऐसा काम किया जाऐ जो सीधे जनता तक पहुंचे इसके लिए जागरूकता की आवश्यकता है, प्रेरणा देने की आवश्यकता है क्योंकि देखने में आता है कि आज पर्यावरण के लिए भी काम होता है तो वह दिखावा मात्र बन रहा है। परन्तु अब वह समय आ गया है जब धरातल पर काम करने की आवश्यकता है क्योंकि पर्यावरण बचेगा तभी जीवन संभव हो पाऐगा। वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक श्री नरेंद्र सिंह सिपानी ने कहा खाद्यान्नों में उत्पादन बढ़ा है और निर्यात कर रहे हैं पर रासायनिक उर्वरकों का उपयोग नहीं बल्कि दुरुपयोग कर रहे हैं इसके प्रतिकूल प्रभाव पर्यावरण के साथ जैविक विविधताओं का नुकसान भी कर रहे हैं।

राष्ट्रपति पुरस्कृत पुरावेत्ता , दशपुर प्राच्य शोध संस्थान निदेशक डॉ कैलाश चंद्र पांडेय ने अपने संबोधन में दशपुर जनपद के पर्यावरण वैभव का तथ्यात्मक विवरण प्रस्तुत कर चकित कर दिया। आपने सात रियासतों से धिरे तत्कालीन मंदसौर के जल , जंगल और जमीन की समृद्धि को रेखांकित करते हुए स्पष्टकिया कि समाज और सरकारों की उदासीनता से पर्यावरण के साथ प्राकृतिक विरासतों में विकृति बढ़ रही है इसे समय रहते संरक्षित करना होगा। पर्यावरणविद एवं सार्थक संस्था अध्यक्ष डॉ उर्मिला सिंह तोमर ने कहा जनपरिषद एवं रचनात्मक कार्यों को समर्पित लोग मिलकर पर्यावरण सुधार में साथ देंगे तो अवश्य बदलाव होगा। आरंभ में अतिथियों ने मां सरस्वती चित्र पर माल्यार्पण व दीप दीपन किया। संगोष्ठी में प्रेस क्लब अध्यक्ष ब्रजेश जोशी , असद अंसारी , कवि नरेंद्र भावसार , लोकेन्द्र पाण्डे , राजकुमार अग्रवाल , चेतन व्यास , मनीष मनी श्यामगढ़ वाले , राजाराम तंवर आदि ने विचार रखे गीत कविता और मुक्तक प्रस्तुत किये। स्वागत उद्बोधन और संचालन जनपरिषद जिला अध्यक्ष एवं वरिष्ठपत्रकार डॉ घनश्याम बटवाल ने किया। आभार सचिव नरेंद्र कुमार त्रिवेदी ने माना। संस्था सदस्य शिक्षाविद अजीजुल्लाह ख़ालिद का जन्मदिन भी मनाया गया। अतिथियों को प्रतीक स्वरूप पौधे सम्मान के साथ श्री मनीष मनी के सहयोग से भेंट किये गए। इस संगोष्ठी में अजय डांगी , राजाराम तंवर बंशीलाल टांक पुष्पेंद्र चौहान नंदिनी शर्मा हिमांशु पांडेय , ब्रजेश सेन मारोठिया , बैंक प्रबंधक पी सी सिसोदिया , विनोद मेहता दाऊविजयवर्गीय सचिन पारिख , पंडित देवेश्वर जोशी साहित्यकार गोपाल बैरागी , डॉ आरती जैन , प्रदीप शर्मा सुनील व्यास पुरषोत्तम भट्ट ,श्रीमती स्वाति रिचावरा , डॉ देवेंद्र पुराणिक सत्येंद्र सिंह सोम , लोकेश पालीवाल , संजय भारती , अनंत तारे अमित परमार गायत्री प्रसाद शर्मा डॉ रविन्द्र पांडेय , गोपाल पंचारिया , कवि साहित्यकार मुकेश निडर पिपलियामंडी , राजेंद्र चाष्टा , भाई मुलासिया , चंदा डांगी ,सिद्धार्थ तंवर सहित विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# मतगणना पर्यवेक्षकों व सहायकों का प्रशिक्षण सम्पन्न

## तीन कक्षों में 44 टेबलों पर होगी मतगणना, गणना स्थल पर मोबाईल वर्जित

**नीमच, 02 जून गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दिनेश जैन, मतगणना प्रेक्षक श्री अजीज देसाई एवं श्री बी.मलिकार्जुन की उपस्थिति में रविवार को जिला पंचायत सभाकक्ष में गणना पर्यवेक्षकों व गणना सहायकों को मतगणना प्रक्रिया संबंधी प्रशिक्षण दिया गया। कलेक्टर ने कहा, कि मतणगना कार्य एक अत्यन्त महत्वपूर्ण कार्य है। इसलिए यह जरूरी है, कि मतगणना का कार्य सावधानीपूर्वक किया जाये। प्रशिक्षण में प्रजेन्टेशन के माध्यम से बताया गया कि, मतगणना के दौरान छोटी-छोटी बातों को भी गम्भीरता से लें, और उनका पालन सुनिश्चित करें। गणना केदौरान पूरी पारदर्शिता व निष्पक्षता बरते तथा निर्वाचन नियमों का अनुसरण करें। मास्टर ट्रेनर मनोज जैन ने मतगणना कार्य की ड्यूटी में लगे, अधिकारी सहायक स्टाफ को मतगणना निर्वाचनों का संचालन नियमानुसार विभिन्न विधिक उपबंधों तथा गणना सहायक के रूप में आने वाली कठिनाईयों को भी विस्तार से समझाया तथा उनकी शंकाओं का भी समाधान किया। प्रशिक्षण में गणना के बारे में विस्तार से समझाईश दी।

**मतणना की प्रक्रिया समझाई**– मास्टर ट्रेनर श्री मनोज जैन ने ईव्हीएम में मतों की गिनती की प्रक्रिया को प्रशिक्षण प्रजेंटेशन के माध्यम से समझाया। मतगणना प्रशिक्षण गणना उपरांत मशीन की सीलिंग से संबंधित जानकारी दी। प्रशिक्षण में गणना अभिकर्ता, हाल में बैठक व्यवस्था, गणना हाल में प्रवेश का रेण्डेमाईजेशन, निर्धारित फार्मेट भरने जैसे महत्वपूर्ण बिन्दुओं की विस्तार से जानकारी दी। गणना के प्रथम राउण्ड की सीयू की गणना समाप्त होने टेब्यूलेशन शीट तैयार होने व आरओ व ऑब्जर्वर के हस्ताक्षर होने के उपरांत दूसरे राउण्ड की सीयू गणना हेतु लाई जायेगी।

**मोबाईल रहेगें प्रतिबंधित**–मीडिया कर्मियों से अपेक्षा की गई है, कि वे मतगणना स्थल पर स्थापित मीडिया कक्ष में ही उपस्थित रहे। फोटो ग्राफर वीडियो ग्राफर बारी-बारी से गणना कक्ष में लगे हुए, बेरिकेटस के बाहर से फोटो कव्हरेज कर सकेंगें। लेकिन किसी भी कक्ष में सामने एक साथ एकत्रित न. हो साथ ही वीडियोग्राफर किसी भी गणना कक्ष की लगातार शूटिंग न करें। सिर्फ अपना फुटेज लेकर हट जाए। मीडिया कक्ष में चक्रवार मतगणना की जानकारी स्क्रीन पर प्रदर्शित की जाएगी। मीडिया कर्मियों से यह अपेक्षा है, कि मतगणना स्थल पर अनावश्यक भ्रमण नहीं करें। कलेक्टर श्री जैन ने बताया कि गणना स्थल पर मोबाईल फोन नहीं ले जाया जा सकेगा। मतगणना अभिकर्ता, मतगणना कर्मी अपने मोबाईल मतगणना स्थल पर नहीं लाए।

# नमन व यश का फुटबॉल नेशनल चेम्पियनशीप में चयन

**भानपुरा, 02 जून गुरु एक्सप्रेस।** स्पोर्टर्स के खिलाडी लगातार खेल मे सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए आगे बढ़ रहे खिलाडी राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता मे सहभागिता कर नगर का नाम रोशन कर रहे है। उक्त सुचना देते देते हुए भानपुरा स्पोर्टर्स एकेडमी कोच सचिव तरुण लोहार द्वारा बताया गया खिलाडी नमन मुकेश बैरागी, यश शंकरलाल गुर्जर का चयन नाइन ए साइड फुटबॉल फ़ेडरेशन ऑफ़ इंडिया द्वारा आयोजित नेशनल चैंपियनशिप प्रतियोगिता मे हुआ। फतेबाद हरियाणा मे आयोजित 1 जून से 4 जून तक नेशनल चैंपियनशिप प्रतियोगिता मे खिलाडी मध्यप्रदेश टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस अवसर पर खिलाड़ियों को मध्यप्रदेश एन एस एफ एफ आई सचिव प्रवीण सांगते, जिला खेल अधिकारी खेल और युवा कल्याण विभाग विजेंद्र देवड़ा, जिला शिक्षा खेल अधिकारी बी एल बारीवाल , अशोक शर्मा, जिला एथलेटिक्स कोच मुकेश भटेवरा, अध्यक्ष यूनुस खान, इंडिया डॉजबॉल खिलाडी शिवम पाटीदार, कब्बडी खेलो इंडिया खिलाडी विशाल पाटीदार द्वारा शुभकामनायें दी गई।



# सामूहिक विवाह समिति की बैठक आज

**मंदसौर, 02 जून गुरु एक्सप्रेस।** दशनाम गोस्वामी समाज सामूहिक विवाह समिति मालवा मेवाड़ की महत्वपूर्ण बैठक आज 3 जून, सोमवार को प्रात: 11 बजे समरा माता मंदिर संजीत रोड सिंदपन में आयोजित की जा रही है। बैठक में दशनाम गोस्वामी समाज का विगत 12 मई को भूखी में आयोजित नि:शुल्क सामूहिक विवाह सम्मेलन का आय व्यय का विवरण प्रस्तुत किया जाएगा। दशनाम गोस्वामी समाज सामूहिक विवाह समिति मालवा मेवाड़ ने समाजजनों से बैठक में उपस्थित होने का आग्रह किया है। उक्त जानकारी शेलेन्द्र गिरी गोस्वामी ने दी।

# प्रकृति से अनुराग ही स्वच्छ पर्यावरण का मार्ग है-तंवर

**मंदसौर, 02 जून गुरु एक्सप्रेस।** स्वच्छ पर्यावरण के लिए हमें अपने स्वभाव में बदलाव लाना होगा। पौधे लगाना, पेड़ों का संरक्षण, प्लास्टिक की थैलियों का उपयोग नहीं करना, पेट्रोल व डीजल चलित वाहनों का उपयोग कम करना, अच्छे स्वास्थ्य के लिए प्रतिदिन पैदल चलना आदि बातों को अपनी दिनचर्या का अनिवार्य अंग बनाना होगा। पर्यावरण दिवस तो हमें जगाने के लिए मनाया जाता है किंतु वर्षभर हमारा प्रकृति के प्रति 'अनुराग' ही स्वच्छ पर्यावरण का मार्ग है। उक्त बात वरिष्ठसमाजसेवी राजाराम तंवर ने कही। वे अनुराग संस्था द्वारा प्रत्येक माह के प्रथम रविवार को स्वच्छता, पर्यावरण व जल संवर्धन को लेकर निकाली जाने वाली जनजागरण पदयात्रा के अवसर पर अपनी भावना व्यक्त कर रहे थे। अनुराग जनजागरूकता पदयात्रा में योगेश गुप्ता, सुधीरकुमार दुबे, हरिनारायण माथुर, वरिष्ठपत्रकार विक्रम विद्यार्थी, इंजी. सुनील व्यास, श्रीचंद भावनानी, सिद्धार्थ तंवर, सत्यनारायण सरगरा, रामचन्द्र रैकवार, , रमेश सोनी, अजीजुल्लाह खान, बंशीलाल टांक आदि गणमान्य नागरिकों ने भाग लिया। संचालन गोपालकृष्ण पंचारिया ने किया।





# पशु- पक्षियों में हिट स्ट्रोक से बचाव एवं उपचार संबंधी जानकारी के लिये करें सम्पर्क

**मंदसौर, 02 जून गुरु एक्सप्रेस।** उप संचालक पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा बताया गया कि पशु-पक्षियों में हिट स्ट्रोक से बचाव एवं उपचार संबंधी जानकरी के लिये जिला/ विकासखंड स्तरीय कंट्रोल रूम में सम्पर्क कर सकते है। कंट्रोल रूम में कार्यालय उपसंचालक पशुपालन एवं डेयरी विभाग डॉ. डीके जैन एवं ब्रजेश कुमार सुमन से दुरभाष नंबर 07422- 241294 एवं विकासखंड स्तरीय डॉ. मोहन मुवेल मदसौर विकासखंड के मो. 7869118097, डॉ. ए.एच नवाब मल्हारगढ़ विकासखंड के मो. 9329635801, डॉ. एस.डी कुमावत सीतामऊ विकासखंड के मो. 9425369477, डॉ. ममता सगर गरोठ विकाखंड के मो. 9826567873 एवं डॉ. बीडी. जैन भानपुरा विकासखंड के मो. 7509486206 पर सम्पर्क कर सकते है। पशु संजीवनी वाहन टोल फ्री नं 1962 पर कॉल कर पशुओं का उपचार करवा सकते है।

# शनि देव का जन्मोत्सव 6 को मनाया जाएगा



**नीमच, 02 जून गुरु एक्सप्रेस।** जिला के सबसे प्राचीन शनि देव जी महाराज की प्रतिमा जिसके दर्शन करने पर भक्तों श्रद्धालुओं के सुख शांति ब सभी कष्टदूर होते हैं कहते की प्रतिमा के स्वरूप ऐसा जिनके अपने दोनो हाथो में मुख में सूर्यदेव जब शनि देव जी महाराज के दर्शन करने आते तो शनिदेव के नेत्र के दर्शन कभी नही होते सिर्फ़ शनिदेव प्रतिमा जिनके मुख में सूर्य देव के दर्शन होते है। 6जून शनि देव जन्मोत्सव मनाया जायेगा जिसमें 10बजे हवन अभिषेक 2बजे महिला भजन कीर्तन 4बजे प्रसाद वितरण रात्रि में भजन कीर्तन सभी भक्तो से अनुरोध आप ऐसा स्वरूप जिसके दर्शन करने पर सभी कार्य सिद्ध होते हे कोई श्रद्धालु भक्त शनिदेव जन्मोत्सव पर हवन अभिषेक में बैठने के लाभ प्राप्त करने हेतु अपनी सहमति समिति को बताए



# मतगणना पर्यवेक्षकों सहायको माइक्रोआब्जर्वर का रेण्डमाईजेशन सम्पन्न

**मंदसौर, 02 जून गुरु एक्सप्रेस।** लोकसभा निवार्चन 2024 के तहत 4 जून को शासकीय पी.जी. कालेज नीमच में विधानसभा खण्ड नीमच की मतगणना के लिए नियुक्त केन्द्रीय गणना प्रेक्षक श्री अजीज देसाई, एवं विधानसभा खण्ड मनासा एवं जावद की मतगणना के लिए नियुक्त केन्द्रीय गणना प्रेक्षक श्री बी.मल्लिकार्जुन एवं कलेक्टर श्री दिनेश जैन की उपस्थिति में रविवार को एनआईसी कक्ष नीमच में विधानसभावार नियुक्त किये जाने वाले मतगणना सुपरवायजर मतगणना सहायक एवं माईक्रों आब्जर्वर का रेण्डमाईजेशन किया गया। इस के पहले गणना प्रेक्षक श्री अजीज देसाई एवं श्री बी.मल्लिकार्जुन के नीमच कलेक्टोरेट पहुंचने पर कलेक्टर श्री दिनेश जैन एवं जिला पंचायत सीईओ श्री गुरूप्रसाद ने उन्हें पुष्पगुच्छ भेट कर स्वागत किया। कलेक्टर श्री जैन ने प्रेक्षकगणों ने जिले में मतगणना की तैयारियों के बारे में विस्तार से अवगत कराया। इस मौके पर जिला पंचायत सीईओ श्री गुरूप्रसाद, एडीएम श्रीमती लक्ष्मी गामड़ ,उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संजीव साहू सहित सभी ए.आर.ओ भी उपस्थित थे।

# कल होने वाली मतगणना की प्रशासनिक तैयारियां पूर्ण

## केन्द्रीय गणना प्रेक्षकगणों एवं कलेक्टर ने मतगणना तैयारियों का जायजा लिया

**नीमच, 02 जून गुरु एक्सप्रेस।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत मगलवार को 4 जून 2024 को शासकीय स्नातकोत्तगर महाविद्यालय नीमच में प्रात: 8 बजे से होने वाली मतगणना की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। मतगणना केंद्र पर स्थापित स्ट्रांग रूम की थ्री लेयर सुरक्षा व्यवस्था की गई है। मतगणना स्थल पर 350 से अधिक सुरक्षा जवान तैनात रहेगे।

भारत निर्वाचन आयोग के गणना प्रेक्षक श्री अजीज देसाई,श्री बी.मल्लिकार्जुन एवं कलेक्टर दिनेश जैन ने रविवार को मतगणना स्थल का निरीक्षण कर मतगणना की तैयारियों का जायजा लिया। केन्द्रीय गणना प्रेक्षक श्री देसाई एवं श्री मल्लिकार्जुन तथा कलेक्टर श्री दिनेश जैन ने रविवार को शासकीय पी.जी कालेज नीमच में नीमच ,जावद एवं मनासा विधानसभा खण्ड के मतगणना कक्षों स्ट्रांग रूम का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। प्रेक्षक गणों और कलेक्टर ने मतगणना कक्ष के बाहर अभर्थियों और उनके अर्भिकर्ताओं के द्वारा की जा रही स्क्रीन पर निगरानी कार्य का जायजा लिया। केन्द्रीय गणना प्रेक्षकगाणों ने मतगणना केन्द्र पर रिजर्व काउन्टिग स्टाफ की बैठने की व्यवस्था चिकित्सा कक्ष की व्यवस्था, प्रवेश एवं निकासी की व्यवस्था मोबाईल रखने हेतु सुविधा केंन्द्र की व्यवस्था आदि का जायजा लिया। निरीक्षण केदौरान अवगत कराया गया कि मतगणना कक्षों में मोबाईल अथवा इलेक्ट्रॉनिक्स कोई भी डिवाईस केल्यूलेटर आदि ले जाने पर पूरी तरह प्रतिबंध रहेगा। कलेक्टर ने कहा कि मतगणना स्थल पर सभी लोग अपने लिए नियत स्थान पर ही तैनात रहे। मीडिया सेन्टर में पत्रकारगणों, और मीडियाकर्मियों के अलावा अन्य किसी को भी प्रवेश व बैठने की अनुमति नही रहेगी। मतगणना स्थल पर कॉलेज के पीछे वाले ग्राउण्डी में गणना अभिकर्ताओं, गणनाकर्मियों, पत्रकारगणों और मीडियाकर्मियों के वाहन की पार्किंग रहेगी और पीछे वाले व्दार से ही उक्त के प्रवेश की व्यवस्था रहेगी। मतगणना प्रारंभ होने के दो घण्टे पूर्व उक्त सभी को मतगणना स्थल पर अनिवार्य रूप से उपस्थित होना होगा। इस निरीक्षण दौरान जिला पंचायत सीईओं श्री गुरूप्रसाद, एडीएम श्रीमती लक्ष्मी गामड , डिप्टी कलेक्टर चन्द्र धार्वे एवं तीनों ए.आर.ओं. एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।



# स्टेमफील्ड स्कूल में जमा कराई जा रही थी मंहगी किताबें

## अवकाश के दिन खुला स्कूल, पुलिस-जिला प्रशासन की दबिश से मची अफरा-तफरी



**जबलपुर, 2 जून।** एमपी के जबलपुर में जिला प्रशासन की कार्रवाई में फंसे स्कूलों द्वारा बचने के हर संभव प्रयास किए जा रहे है। ऐसे ही एक स्टेमफील्ड स्कूल मैनेजमेंट का कारनामा अवकाश के दिन रविवार को पकड़ा गया। स्कूल प्रबंधन द्वारा मंहगी किताबे स्कूल में जमा कराई जा रही थी, इस बात की शिकायत मिलने पर कलेक्टर दीपक सक्सेना के निर्देश पर जिला प्रशासन, शिक्षा विभाग व पुलिस की टीम ने दबिश दी तो अफरातफरी मच गई। टीम ने मौके से 6वीं, 7वीं व 8 वीं की करीब 35 बुकें जप्त की है।

प्रशासनिक अधिकारियों का कहना है कि मामला कोर्ट में होने के बाद भी स्टेमफील्ड स्कूल प्रबंधन द्वारा अभिभावकों को बुक्स जमा करने के लिए मैसेज भेजे। इसके बाद आज मंहगी बुके जमा कराई जा रही थी, तभी खबर मिली तो दबिश देकर जांच की तो शिकायत सही पाई गई। जिससे यह बात साफ है कि स्कूल प्रबंधन जांच के दौरान सबूतों के साथ छेड़छाड़ कर रहा है। अधिकारियों को पूछताछ में अभिभावकों ने बताया कि दो दिन से स्कूल प्रबंधन द्वारा कॉल व मैसेज करके स्कूल आने के लिए कहा जा रहा था। अभिभावकों ने कॉल व मैसेज आने के सबूत तक दिखाए। मौके पर हिन्दी ग्रामर की किताबे बरामद की गई। जिसकी कीमत 450 रुपए से ज्यादा है। इस बात की रिपोर्ट बनाकर कलेक्टर दीपक सक्सेना को दी जाएगी, फिर आगे की कार्यवाही की जाएगी। गौरतलब है कि शहर के 11 स्कूलों के खिलाफ अधिक फीस वसूली व बिना आईएसबीएन नम्बर की किताब चलाने की जांच की जा रही है, जिसके दायरे में स्टेमफील्ड स्कूल भी है। इस स्कूल पर दो लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया गया था, जिसके संचालक अभी भी फरार है। अभी तक कोर्स, यूनिफॉर्म के नाम पर मनमानी रकम वसूलने वाले 11 स्कूल के खिलाफ प्रशासन ने 27 मई को बड़ी कार्रवाई की थी। ऐसे स्कूलों से पेरेंट्स को 81130 करोड़ रुपए की फीस वापस कराई गई। इन स्कूलों पर 22 लाख रुपए की पेनाल्टी भी लगाई। 51 लोगों के खिलाफ एफआईआर भी दर्ज की गई। जिसमें स्कूलों के चेयरमैन, प्राचार्य, सीईओ, मैनेजर, सदस्य व एडवाइजर शामिल हैं।

**कई रसूखदार लोग जुड़े है-** गौरतलब है कि स्टेमफील्ड स्कूल से कई रसूखदार लोग भी जुड़े है, जिनके द्वारा जिला प्रशासन की कार्यवाही को प्रभावित किए जाने के लगातार प्रयास किए जा रहे है। उन्होने भोपाल स्तर तक प्रयास किए कि स्टेमफील्ड स्कूल को जिला प्रशासन की कार्यवाही से निकाल लिया जाए। अभी भी उनके प्रयास जारी है यह बात अलहदा है कि प्रयासों पर कलेक्टर दीपक सक्सेना द्वारा पानी फेर दिया गया है। खबर तो यहां तक है कि कुछ रसूखदार लोगों को भी स्टेमफील्ड स्कूल द्वारा एक बड़ा हिस्सा भी दिया जाता है।

## डूब क्षेत्र में कृषि करने के लिए पट्टे पर भूमि प्राप्त करने हेतु 30 तक करें आवेदन

**मंदसौर, 02 जून गुरु एक्सप्रेस।** कार्यपालन यंत्री गांधीसागर बाँध संभाग श्री के.एल. कछावा द्वारा बताया गया कि गॉधीसागर बाँध की लघु सिंचाई योजनाएं एवं गाँधीसागर जलाशय का जलस्तर (आर.एल) 1312 फीट से नीचे के तल पर खुलने वाली डूब भूमि पर वर्ष 2024- 25 के लिये रबी एवं खरीफ फसल की कृषि करने के लिये पट्टे पर भूमि प्राप्त करने के लिये डूब से प्रभावित व्यक्तियों से निर्धारित प्रारुप में पूर्ण रूप से भरे आवेदन पत्र 30 जून 2024 तक कार्यालयीन समय में हल्का अनुसार कार्यालय में प्राप्त किये जावेगे। खड़ावदा, बालोदा, चचावदा, बंजारी अनुविभागीय अधिकारी गॉधीसागर पुनर्वास उपसंभाग क्रं. 2 गरोठ, कंवला अनुविभागीय अधिकारी जल संसाधन उपसंभाग भानपुरा एवं हल्का गरोठ एवं भानपुरा तहसील क्षेत्र के समस्त सिंचाई लघु तालाब अनुविभागीय अधिकारी गाँधीसागर पुनर्वास उपसंभाग क्रं. 2 गरोठ/ अनुविभागीय अधिकारी जल संसाधन उपसंभाग भानपुरा में 30 जून 2024 तक आवेदन कर सकते है।

## नर्सिंग कालेजों में बिहार, राजस्थान और छत्तीसगढ़ के विद्यार्थियों की रहती थी भरमार, सिर्फ परीक्षा देने आते थे विद्यार्थी



**भोपाल, 02 जून गुरु एक्सप्रेस।** नर्सिंग कालेजों में तय मापदंडों के साथ तो मजाक हुआ ही ऐसे विद्यार्थी भी यहां से डिग्री, डिप्लोमा लेकर चले गए जिन्होंने कभी कालेज का भवन तक नहीं देखा। फर्जी तरीके से संचालित होने वाले कालेजों में सबसे अधिक विद्यार्थी बिहार, राजस्थान और छत्तीसगढ़ से आते थे। इनमें अधिकतर जीएनएम डिप्लोमा कोर्स में प्रवेश लेते थे।

मध्य प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय लेकर स्थानीय स्तर पर जिला प्रशासन के अधिकारियों ने भी इन कालेजों की कभी जांच नहीं की। कालेजों में गड़बड़ी 2018 से बढ़ी, जब राज्य सरकार ने इंडियन नर्सिंग काउंसिल (आइएनसी) की जगह अपने मापदंड निर्धारित किए। यह मापदंड आइएनसी से अधिक सरल कर दिए गए, जिससे बड़ी संख्या में कालेज खुले। मप्र नर्सिंग काउंसिल ने मापदंड पूरा नहीं करने वाले कालेजों को भी मान्यता दे दी। सूत्रों ने बताया कि दलालों के माध्यम से दूसरे राज्यों के विद्यार्थी कालेजों में प्रवेश लेते थे। वह सिर्फ परीक्षा देने के लिए आते थे। इनमें सबसे अधिक बिहार के रहते थे। कालेज संचालक इनसे मनमानी पैसा लेते थे। दूसरे नंबर पर दूसरे राज्यों से सबसे अधिक विद्यार्थी राजस्थान से आ रहे थे। यहां के युवाओं के लिए नर्सिंग सर्वाधिक पसंद का पेशा है, पर सभी को वहां के कालेजों में प्रवेश नहीं मिल पाता। इस कारण वह दूसरे राज्यों में डिग्री-डिप्लोमा करने के लिए जाते हैं।

**छात्रवृत्ति की चलते आदिवासी जिलों में खूब खुले कालेज-**प्रदेश में वर्ष 2020-21 के बाद से नर्सिंग कालेजों की बाढ़ आ गई। गड़बड़ी का ऐसा खेल चला कि कालेजों के जो पते दिए गए थे वहां कहीं स्कूल तो कहीं और कुछ काम होता मिला। आदिवासी जिलों में इस दौरान खूब कालेज खुले। कारण, एससी-एसटी विद्यार्थियों को मिलने वाली छात्रवृत्ति थी। नर्सिंग के अलग-अलग कोर्स में एक विद्यार्थी को 30 हजार से 40 हजार रुपये प्रतिवर्ष छात्रवृत्ति मिलती है। इसके फेर में आदिवासी जिलों जैसे बैतूल, बड़वानी, खरगोन, धार आदि जिलों में खूब कालेज खुले। सीबीआइ ने अपनी जांच में जिन 66 कालेजों को अनुपयुक्त (अनुसुटेबल) बताया है उनमें पांच बैतूल और तीन धार के हैं। इसी तरह उपयुक्त (सुटेबल) बताए गए कालेजों में सात बड़वानी के हैं। आदिवासी क्षेत्रों में अधिक कालेज खोलने की दूसरी वजह यह भी रही कि इन आदिवासी जिलों में नर्सिंग कालेज के विद्यार्थियों की सरकारी अस्पतालों में क्लीनिकल ट्रेनिंग की आसानी से अनुमति मिल जाती है।

# भारत विकास परिषद द्वारा व्यक्ति विकास शिविर संपन्न



**मंदसौर, 02 जून गुरु एक्सप्रेस।** बच्चों को संस्कारवान बनाने हेतु भारत विकास परिषद् के तत्वावधान में गायत्री परिवार द्वारा आयोजित व्यक्तित्व विकास शिविर का समापन हुआ।आवासीय कन्या कौशल प्रशिक्षण शिविर,बाल सनातन संस्कार शिविर 6 दिवसीय आवासीय कन्या कौशल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया।जिसमें विभिन्न क्षेत्रों से आयी 48 बालिकाओं ने भाग लिया।

शिविर मे कन्याओं ने भारतीय संस्कृति के जीवन निर्माण के विभिन्न आयामों के अंतर्गत यज्ञ, योग, ध्यान, आसन, बंध मुद्रा, गीत संगीत, वैदिक मंत्रों के साथ जीवन जीने की कला का सफलतापूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त किया। बालिकाओं को श्रीजी नर्सिंग कॉलेज की और से पुरातत्व संग्रालय का भ्रमण कवाया।विभिन्न सामाजिक बंधुओ ने बालिकाओं को श्री मनोज जी मेहता, पूर्व अध्यक्ष की ओर से कॉपीयाँ व पेन ,श्रीमती राधा देवी मोहनलाल मरच्या चेरिटेबल ट्रस्ट की ओर से बच्चों को पानी की बॉटल । श्री दीपकजी सैनी, (श्रीजी नर्सिंग कॉलेज) की ओर से प्रमाण-पत्र एवम बलिकाओ को पुरातत्व संग्रहालय का भ्रमण करवाया गया। श्री अजयजी शर्मा, अध्यक्ष भाविप की ओर से एक दिन शाम को आईस्क्रीम वितरण किया गया साथ चाट चोपाटी का भी आनंद लिया गया। शिविर का समापन दिनांक: 01 जून 2024 शनिवार को समय दोपहर 2 बजे, गायत्री शक्ति पीठ, कालाखेत, मंदसौर, पर किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्री मदन लाल राठौर,श्री रविंद्र पांडे,श्री बंसीलाल टांक, भाविप माह सचिव श्री घनश्याम पोरवाल आदि मंचासिन थे। देवेंद्र कुमार मरच्या,मनोज मेहता, दीपक सैनी, अजय शर्मा ,नरेन्द्र कुमार त्रिवेदी, श्रीमती रेखा पोरवाल , श्रीमती उर्मिला सैनी । संचालन सत्येंद्र सिंह सोम द्वारा किया गया । आभार पवन गुप्ता ने माना।

# अपना क्लीनिक का शुभारंभ

## पूर्व विधायक यशपाल सिंह सिसोदिया के कर कमलों द्वारा किया



**मंदसौर, 02 जून गुरु एक्सप्रेस।** निरंतर पिछले 15 वर्षों र्से आपके सहयोग से आपकी सेवा में हमारे नवीन प्रतिष्ठान एवं ग्रामीण हेल्थ केयर संस्था की एक और पहल अपना क्लीनिक के भव्य शुभारंभ पर आयोजित कार्यक्रम में पधारे विशेष अतिथि पूर्व विधायक श्री यशपालसिंहजी सिसोदिया मंडल अध्यक्ष राजेंद्र सिंहजी राणा, डा. शरद जी जैन डॉ मुकेश जी बागड़ी विनय जी दुबेला ,सरपंच साहब मुल्तानपुरा ग्रामीण हेल्थ केयर संगठन के प्रदेश संरक्षक डा. पी.डी पालीवाल प्रदेश अध्यक्ष सरपंच डॉ राजेश कुमार मालवीय प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ संजय जी दांगी प्रदेश कार्यकारिणी अध्यक्ष डॉ अनिल जी कुमावत जिला अध्यक्ष मंदसौर सरपंच डॉ सुरेश जी पाटीदार नीमच जिला अध्यक्ष डॉ दशरथजी नागदा व अन्य ग्रामीण हेल्थ केयर के समस्त पदाधिकारी एवं सदस्यगण कमलेश चौरडिया टी. आर. पुरोहित ,जमनालाल जी मेघवाल सूरज गुर्जर सत्यनारायणजी पाटीदार के द्वारा उद्धाटन किया गया सभी विशेषज्ञों द्वारा स्त्री रोग विशेषज्ञ ,सर्जिकल रोग विशेषज्ञ ,एम.डी .मेडिसिन , हड्डी रोग विशेषज्ञ ,दांत व मुख्य रोग के विशेषज्ञ ,जनरल फिजिशियन, शिशु रोग विशेषज्ञ, कॉस्मेटोलॉजिस्ट, एक्स-रे,ई.सी.जी , नेबुलाइजर बी .पी ,शुगर स्पेशलिस्ट ,खून पेशाब की जांच जनरल ओपीडी सभी प्रकार की (क्रिटिकल सर्जरी) ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध एंबुलेंस सेवा उपलब्ध सेवा उपलब्ध कराई जाएगी कार्यक्रम का संचालन डॉ राजेश कुमार मालवीय ने कियोंअतिथियों का स्वागत डॉ संजय कुमार जी डांगी द्वारा किया गया और आभार डॉ अनिल कुमार कुमावत ने किया।

# रेलवे समपार बंद होने से आमजन में रोष

## नगर परिषद् अध्यक्ष ने अंडरब्रिज बनाने के लिए रेलमंत्री, उप मुख्यमंत्री व सांसद को लिखा पत्र

**पिपलियामंडी, 02 जून गुरु एक्सप्रेस।** शनिवार को रेलवे समपार 141 के बंद करने के बाद नगर परिषद् अध्यक्ष श्रीमती इंदिरा सुनील देवरिया ने केन्द्रीय रेलमंत्री



अश्विनी वैष्णव, मप्र के मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा, सांसद सुधीर गुप्ता को पत्र लिखकर अंडर ब्रिज या अन्य वैकल्पिक व्यवस्था कर आवागमन पुन: चालू करने की मांग की। श्रीमती देवरिया ने पत्र में बताया ओवरब्रिज बनने के दौरान भी यहां अंडरब्रिज भी बनाए जाने की मांग की थी, लेकिन ब्रिज बनने के बाद समपार बंद करने के बाद आमजनता में रोष है, वार्ड 1,2,3,4 की एक तिहाई जनता फाटक के उस पास पश्चिमी ओर निवास करती है, इन चार वार्ड के रहवासियों को नगर में आने के लिए काफी मुसीबतों का सामना करना पडेगा। धार्मिक स्थान के साथ ही सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, रेलवे स्टेशन, नगर परिषद् आदि स्थानों पर आने-जाने के लिए उन्हें लंबी दूरी तय करना पड़ेगी। देवरिया ने आगे बताया कि फाटक के पश्चिमी ओर श्मशान घाट है, करीब 65 प्रतिशत अंतिम संस्कार इसी श्मशान घाट पर होते है, एसी स्थिति में नगरवासियों को श्मशान घाट तक अंतिम संस्कार के लिए जाना भी मुसीबतों भरा होगा। श्रीमती देवरिया ने मांग की कि रेलवे समपार ही अंडरब्रिज भी अतिशीघ्र स्वीकृत किया जाए, ताकि नगरवासियों को हो रही परेशानी से निजात मिल सके।

# कल मतगणना, हर चक्र के परिणाम घोषित करने के साथ अभिकर्ताओं को मिलेगी प्रमाणित प्रति

**भोपाल, 02 जून गुरु एक्सप्रेस।** चार जून को मध्य प्रदेश के 52 जिला मुख्यालयों पर होने वाली मतगणना के लिए चुनाव आयोग की तैयारी पूरी हो गई है। हर चक्र की गणना के बाद परिणाम घोषित किए जाएंगे। इसकी प्रमाणित प्रतिलिपि प्रत्याशी या उनके अधिकृत अभिकर्ताओं को भी दी जाएगी।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय से मतगणना पर वेबकास्टिंग के माध्यम से नजर रखी जाएगी। इसके लिए अधिकारियों को अलग-अलग जिलों की जिम्मेदारी दी गई है। ग्वालियर-चंबल अंचल की संवेदनशीलता को देखते हुए केंद्रीय सुरक्षा बल के साथ राज्य का अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया जा रहा है। मध्य प्रदेश कांग्रेस ने हर चक्र की गणना के बाद परिणाम घोषित करने और उसके प्रमाणित प्रतिलिपि देने की मांग की थी। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन का कहना है कि चुनाव आयोग के दिशानिर्देशों के अनुरूप मतगणना की व्यवस्थाएं की गई हैं। हर चक्र की गणना के बाद उसके परिणाम घोषित करके प्रतिलिपि भी दी जाएगी। वेबकास्टिंग के माध्यम से मतगणना केंद्रों पर नजर रखी जाएगी। मुख्यालय में पदस्थ अधिकारियों को अलग-अलग जिलों की जिम्मेदारी दी गई है। पूरी मतगणना की वीडियो रिकार्डिंग होगी। डाक मतपत्र गणना 29 लोकसभा सीटों के मुख्यालयों पर होगी। इसमें वे डाक मतपत्र ही शामिल किए जाएंगे, जो मतगणना से पूर्व सुबह। आठ बजे तक रिटर्निंग आफिसर को प्राप्त होंगे। इनकी गणना माइक्रो आब्जर्वर की निगरानी में अलग टेबल पर होगी। प्रदेश भर में मतगणना के लिए डेढ़ लाख अधिकारी-कर्मचारी लगाए गए हैं।





# कलेक्टर ने किया मतगणना स्थल का निरीक्षण

**मंदसौर, 02 जून गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दिलीप कुमार यादव ने राजीव गांधी पीजी कॉलेज मंदसौर में स्ट्रांग रूम और मतगणना स्थल का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होनें आवश्यक दिशा निर्देश दिये। कलेक्टर श्री यादव ने मतगणना केंद्र पर मतगणना कर्मियों, मतगणना अभिकर्ताओं और मीडियाकर्मियों के प्रवेश की व्यवस्था, पार्किंग की व्यरवस्था, मीडिया सेंटर, चिकित्सा कक्ष सहित अन्य व्यवस्थाओं का मौके पर अवलोकन किया और संबंधित नोडल अधिकारियों को आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान अपर कलेक्टर श्रीमती एकता जायसवाल, उपजिला निर्वाचन अधिकारी श्री परमार उपस्थित थे।

## अब नामांतरण के प्रकरण ही देखेगी साइबर तहसील

**भोपाल, 02 जून गुरु एक्सप्रेस।** मध्य प्रदेश में संचालित साइबर तहसील अब केवल नामांतरण के प्रकरण ही देखेगी। इसके लिए मध्य प्रदेश राजस्व विभाग ने दो साल पहले जारी अपने निर्देश को खत्म कर दिया है। अब नया आदेश जारी किया गया है। दरअसल, जिन मामलों में एक ही खसरा नंबर वाली भूमि का पक्षकारों के बीच विभाजन होना है, उसका निपटारा साइबर तहसील में नहीं हो पाता है क्योंकि साफ्टवेयर में बटान की सुविधा नहीं है। ऐसे में सिर्फ एक ही खसरे नंबर वाली भूमि में सभी पक्षकारों के नाम एक साथ चढ़ाने की सुविधा है। वहीं जिनमें किसी खसरा संख्यांक या संपूर्ण भूखंड संख्यांक का विभाजन होना है और अन्य राजस्व मामले हैं, उन पर कार्रवाई क्षेत्रीय तहसीलदार ही करेंगे और पक्षकारों को इलेक्ट्रानिक तरीके से सूचना जारी करेंगे।

## पहले साथ में शराब पी, फिर पीटा, 3 पर केस दर्ज

**पिपलियामंडी, 02 जून गुरु एक्सप्रेस।** पहले साथ में शराब पी फिर युवक के साथ मारपीट की। पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया। मात्याखेड़ी (जीरन) निवासी चमन पिता रामलाल गुर्जर ने मल्हारगढ़ थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि मेरे मामा के लड़के मात्याखेड़ी निवासी कैलाश पिता किशनलाल गुर्जर के साथ मोल्याखेड़ी (मल्हारगढ़) निवासी गोर्धन बावरी के पुत्र, राजा बावरी के पुत्र व सुरेश बावरी के पुत्र ने रेलवे पटरी के पास सोतलगंज के निकट मारपीट की, जिनका उपचार नीमच चल रहा है। बताया कि तीनों के साथ शराब पी व किसी बात को लेकर तीनों ने बुरी तरह पीटा।

## ट्यूबवेल से पानी लेने के विवाद में पीटा

**पिपलियामंडी, 02 जून गुरु एक्सप्रेस।** ट्यूबवेल के पानी का उपयोग करने के विवाद में मारपीट करने पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया। मुन्देड़ी निवासी गोपाल नायक ने शिकायत दर्ज कराई कि 7 पूर्व सामलाती ट्यूबवेल लगाई थी, जो बंटवारे के दौरान परिवार के मनोहर पिता छगनलाल गायरी के हिस्से में चली गई, इससे बाद मनोहर ने ट्यूबवेल से पानी लेने के लिए मना किया और विवाद कर लात-घुसों से पीटा, पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया।

## जिला कार्यबल की बैठक आज

**मंदसौर, 02 जून गुरु एक्सप्रेस।** मुख्य चिकित्या एवं स्वास्थ्य अधिकारी मंदसौर द्वारा बताया गया कि पल्स पोलियों अभियान एवं दस्तक अभियान के अंतर्गत कार्यबल की बैठक आयोजित की गई है। बैठक 3 जून को दोपहर 2 बजे आयोजित की जाएगी।

## अमरुद के बगीचे को नुकसान पहुंचाया, प्रकरण दर्ज

**पिपलियामंडी, 02 जून गुरु एक्सप्रेस।** लोहे की जाली व एंगल को नुकसान पहुंचाने व महिला को जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया। मल्हारगढ़ निवासी निर्मलाबाई पति निर्मल बैरागी ने मल्हारगढ़ थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि मैंने 4 वर्ष पूर्व खेत खरीदा था, जिसका सीमांकन भी हो गया था। वर्तमान में तार फेंसिंग कर अमरुद का बगीचा लगा रखा है, पड़ोसी मल्हारगढ़ निवासी लोकेश पिता मदनलाल शर्मा ने उक्त सीमांकन को नही मानते हुए लोहे की एंगल व जाली को काट दिया व अमरुद के पौधों को नुकसान पहुंचाया। मना करने पर गाली-गलौज की व जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने लोकेश पर प्रकरण दर्ज किया।

## जमीन विवाद में 5 को पीटा, 11 पर प्रकरण दर्ज

**पिपलियामंडी, 02 जून गुरु एक्सप्रेस।** जमीन विवाद को लेकर एक परिवार के 5 सदस्यों के साथ मारपीट के मामले में पुलिस ने 11 आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया। बादपुर निवासी किशोर पिता रामलाल गायरी ने बूढ़ा चोकी पर शिकायत दर्ज कराई कि 8 आरी जमीन का विवाद कोर्ट में चल रहा था। जिसकी नपती की जा रही रही थी, मैंने मना किया तो बापूलाल पिता नंदराम गायरी, सुरेश पिता नंदराम गायरी, कमल उर्फ कमलेश पिता नंदराम गायरी, ईश्वरलाल पिता राजाराम गायरी, समरथ पिता राजाराम गायरी, विक्रम पिता राजाराम गायरी, सुनील पिता समरथ गायरी, प्रद्युम पिता नागूलाल गायरी, देवकिशन पिता बापूलाल गायरी, मांगीबाई पति राजाराम गायरी, हीराबाई पति बापूलाल गायरी ने एकमत होकर लट्ठ, पत्थर व लात-घुसों से मारपीट की। बीच-बचाव करने आए मेरे पिता रामलाल, भाई दशरथ, मां भूलीबाई, भाभी प्रेमबाई के साथ भी आरोपियों ने मारपीट की। पुलिस ने सभी 11 आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया।

## मतगणना कार्य पर माईक्रों आर्ब्जवर पैनी नजर रखें-गणना प्रेक्षक



**नीमच, 02 जून गुरु एक्सप्रेस।** केन्द्रीय मतगणना प्रेक्षक श्री अजीज देसाई,श्री बी.मल्लिकार्जुन एवं कलेक्टर दिनेश जैन की उपस्थिति में रविवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में माईक्रो आर्ब्जशवर को मतगणना प्रक्रिया का प्रशिक्षण दिया गया। प्रेक्षकगणों ने कहा, कि मतणगना कार्य एक अत्यन्त महत्वपूर्ण कार्य है। मतगणना में किसी तरह की कोई गलती ना हो, इसलिए यह जरूरी है, कि मतगणना का कार्य सावधानीपूर्वक करें। मतगणना प्रक्रिया पर माईक्रो आब्जर्वर पैनी अपनी कडी नजर रखे। प्रशिक्षण में प्रजेन्टेशन के माध्यम से बताया, कि मतगणना के दौरान छोटी-छोटी बातों को भी गम्भीरता से लें, और उनका पालन सुनिश्चित करें। गणना के दौरान पूरी पारदर्शिता व निष्पक्षता बरतने तथा निर्वाचन नियमों का अनुसरण करने के निर्देश भी दिए गए।

मास्टर ट्रेनर्स डॉ.राजेश पाटीदार ने मतगणना के बारे में विस्तार से समझाईश दी। मतणना की प्रक्रिया समझाई। ईव्हीएम से मतों की गिनती की प्रक्रिया को प्रजेंटेशन के माध्यम से समझाया। तीन कक्षों में 44 गणना टेबले लगेगी- प्रशिक्षण में बताया गया कि विधानसभा क्षेत्र मनासा व जावद के मतों की गिनती के लिए 14-14 टेबले एवं नीमच क्षेत्र के लिए 16 टेबले मतगणना कार्य में लगेगी। प्रत्येक गणनाकक्ष में एक-एक सहायक रिटर्निंग आफीसर भी तैनात किये गये है। इसके अलावा प्रत्येक गणना टेबल पर एक मतगणना पर्यवेक्षक, मतगणना सहायक तथा एक माईक्रो आब्जर्वर भी तैनात रहेगा। गणना में लगे,सभी कर्मचारियों को मतगणना स्थल पर प्रात:6 बजे उपस्थित होना होगा। गणना पर्यवेक्षक और सहायकों को एक यूनिक सीरियल या कोड नम्बर भी आंवटित किया जाएगा। रेण्डमाईजेशन की प्रक्रिया मतगणना प्रेक्षकों की उपस्थिति में होगी । गणना के लिए रिजर्व कर्मचारियों को भी नियुक्त किया जाएगा। प्रत्येक चक्र की गणना होने के उपरांत सारणीकरण कर, प्राप्त मतो का विवरण प्रेक्षक से प्रतिहस्ताक्षरित करने के बाद ही उदघोषित किया जा सकेगा। प्रशिक्षण में निर्देश दिए गए कि गणना कार्य में संलग्न कर्मचारी सही रिपोर्ट करेगे। गणना कक्षों में मोबाईल के साथ प्रवेश पूर्णत:वर्जित रहेगा।

## दम्पति, पुत्र पर मारपीट का केस दर्ज

**पिपलियामंडी, 02 जून गुरु एक्सप्रेस।** मारपीट के मामले में पुलिस ने दम्पति, पुत्र पर केस दर्ज किया। माल्याखेरखेड़ा निवासी हरीश पिता नारायणसिंह आंजना ने नाहरगढ़ थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि मैंने बंशीलाल गायरी के मकान के सामने मकान बनाने पर रास्ता बंद होने की बात बोली तो रामेश्वर, उसकी पत्नी श्यामाबाई व पुत्र विजय ने गाली-गलौज की व लकड़ी, पत्थर से मारा, जिससे चोंटे आई। पुलिस ने दम्पति व पुत्र पर केस दर्ज किया।

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीड्िया एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक– आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356
समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है। फोन 495831, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in